# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

सोमवार, 26 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 241 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3




संघर्ष आमंत्रण है प्रगति का जो करता है वही आगे ...पेज-5


Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams



/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)



सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977


# पीएम मोदी ने सुनीता से जानी ड्रोन दीदी बनने की कहानी

- **मन की बात कार्यक्रम में मछरेहटा की सुनीता से पीएम ने की बात**
- **देश की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के मिशन पर मोदी का जोर**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने चर्चित मन की बात कार्यक्रम के 110 वें ऐपिसोड मे सीतापुर के मछरेहटा इलाके की रहने वाली सुनीता देवी से बात की। उन्होने सुनीता देवी से ड्रोन दीदी बनने तक के सफर की पूरी कहानी देशवासियों के सामने रखते हुए महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के मिशन पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कभी किसी ने सोंचा था कि गांव में रहने वाली महिलाएँ ड्रोन उड़ायेंगी, लेकिन आज यह सम्भव हो रहा है। पीएम से बात करने के बाद खुद को धन्य मान रही मछरेहटा के गोडा गाँव की रहने वाली ड्रोन दीदी की आंखों से खुशी के आंसू छलक रहे हैं। पीएम के बात करने के बाद गोडा गांव में सुनीता से मिलने के लिये विभिन्न मीडिया संस्थानों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीतापुर जिले के लिये रविवार का दिन खास बना दिया। स्वंय सहायता समूह से जुड़कर गाय के गोबर से दीपक, अगरबत्ती बनाकर सरकारी महकमों के करीब आयीं सुनीता देवी को उपकृषि निदेशक ने नमोः ड्रोन योजना के बारे में बताया तो वह इसके प्रति आकर्षित हुईं। प्रयागराज के फूलपुर जाकर तीन दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वह योजना की लाभार्थी बनी। उन्हे ड्रोन आदि उपलब्ध कराये गये। आज ड्रोन दीदी किसानों की खास मददगार बन गई हैं। पीएम ने उनसे बात कर देश के ग्रामीण परिवेश में रहने वाली महिलाओं को इस योजना के प्रति न सिर्फ आकर्षित किया है, बल्कि उनके हौसलों को पंख देते हुए विश्वास दिलाया है कि ऐसी योजनाओं से जुड़कर उनकी आय दोगुनी होगी वहीं जीवन भी सफल होगा।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के द्वारका के पास अरब सागर तट पर स्कूबा डाइविंग का आनंद लिया

## संक्षिप्त आवाज़

### अंबेडकर नगर के बसपा सांसद रितेश पांडे भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। पांडेय ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्रजेश पाठक ने रितेश पांडे का पार्टी में स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि वे उत्तर प्रदेश में युवाओं को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ने का काम करेंगे। वहीं रितेश पांडे ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए उत्तर प्रदेश और खासकर उनके क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में काम करने की बात कही।

### तीन नक्सली ढेर

**कांकेर।** जिले के नक्सली इलाके में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच एक मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए है और अभी इलाके में जवान सर्चिंग अभियान चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार सुरक्षाबल के जवानों को अंतागढ़ थानाक्षेत्र के कोयलीबेड़ा इलाके के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर जवानों ने सर्चिंग अभियान चलाया था। इसी बीच जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें जवानों की ओर से की गई फायरिंग में तीन नक्सली मारे गये।

### सिमी का सदस्य हनीफ शेख गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्य हनीफ शेख को 22 साल बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ 2001 में दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में यूएपीए के तहत मामला दर्ज हुआ था। हनीफ शेख सिमी के मैगजीन इस्लामिक मूवमेंट के उर्दू संस्करण का संपादक था। स्पेशल सेल के डीसीपी आलोक कुमार ने रविवार को बताया कि पिछले चार साल से स्पेशल सेल की टीम हनीफ शेख का पीछा कर रही थी। हनीफ पर साल 2001 में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के मामले में एफआईआर हुई थी। इसके ट्रायल के दौरान 2002 में उसे भगोड़ा भी घोषित किया गया था।

### पीएम मोदी ने देश को समर्पित किए 5 एम्स

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। इसमें राजकोट (गुजरात), बठिंडा (पंजाब), रायबरेली (उत्तर प्रदेश), कल्याणी (पश्चिम बंगाल) और मंगलागिरी (आंध्र प्रदेश) का एम्स शामिल है। इस दौरान पीएम मोदी ने कई परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था, जब देश के सारे प्रमुख कार्यक्रम दिल्ली में ही होकर रह जाते थे। मैं भारत सरकार को दिल्ली से बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया।

# ...दोषी न घर के रहेंगे न घाट के : सीएम योगी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** सीएम योगी ने रविवार को लखनऊ में 1782 अभ्यर्थियों को जॉइनिंग लेटर दिए। इस दौरान उन्होंने पेपर लीक पर रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जो खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ ऐसी कार्रवाई करेंगे, जो नजीर बन जाएगी। अब ऐसे लोग न घर के रहेंगे और न ही घाट के। पहले भी कार्रवाई की थी और अब फिर से कार्रवाई करने जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जो विजन है, वही डबल इंजन सरकार का विजन है। 6 साल के अंदर 6 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां प्रदेश के नौजवानों को मिली है। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था और सुरक्षा का माहौल है। प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह 10 लाख 24 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतारा था। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से 34 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिली है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 में 40 लाख करोड़ से ज्यादा निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। प्रदेश में बिजली आपूर्ति देने के लिए काम हो रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सरकार ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बेहतर व्यवस्था प्रदान की जाएगी। सीएम ने कहा कि प्रदेश में 56 लाख गरीब परिवारों को मकान उपलब्ध कराया गया है। 30 लाख अतिरिक्त हेक्टेयर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। 1 लाख 21 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई गई है। पहले प्रदेश में 12 मेडिकल कॉलेज थे, आज हर जिले में मेडिकल कॉलेज है। सीएम योगी ने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रदेश और देश के विकास पर अपना फोकस रखें। साथ ही गरीबों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के साथ ही जवाबदेही व जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करें। आपको बिना भेदभाव के नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है तो इसी भाव के साथ आप राज्य के विकास में अपना योगदान दें। ।



**इन अभ्यर्थियों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र :** सिंचाई विभाग में जेई पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद में जेई पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ. रेनू यादव को। दंत चकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

## कार्यकर्ताओं के समर्पणभाव से जीतती है भाजपा : शाह

**छतरपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव से पहले बूथ कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि सोनिया-मनमोहन सरकार ने 2004-2014 तक मध्य प्रदेश को केवल 1,99,000 करोड़ रुपये दिए। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी ने केवल 9 वर्षों में राज्य को 7,74,000 करोड़ रुपये दिए। शाह ने कहा कि हमने हर तीर्थ स्थल का विकास किया। एक बीमारू मध्य प्रदेश को पुनर्जीवित किया और इसे एक विकसित राज्य में बदल दिया। आगामी चुनाव भारत को फिर से महान बना देंगे, भारत को एक महाशक्ति बना देंगे, और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे। अमित शाह ने राममंदिर मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में ऐसा कोई संकल्प नही है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमने पूरा न किया हो। राहुल बाबा पहले राम मंदिर के निर्माण को लेकर हमारा मजाक उड़ाते थे। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि 22 जनवरी 2024 को हमारे आराध्य रामलला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजे हैं।

## संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइडिंग टीम को रोका

- **टीम को कई घंटे की हिरासत के बाद किया गया रिहा**

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए जा रही स्वयंसेवी संगठन की फैक्ट फाइडिंग टीम को कई घंटे की हिरासत के बाद रिहा किया गया है। इधर, शिवप्रसाद हाजरा की फर्मों को जलाने में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) नेता आयशा बीबी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संदेशखाली में पीड़ितों से मिलने के लिए फैक्ट फाइडिंग (तथ्य जांचने वाली टीम) टीम बंगाल दौरे पर थी, लेकिन पुलिस ने टीम को संदेशखाली पहुंचने से पहले ही रोक दिया। इसके विरोध में फैक्ट फाइडिंग टीम विरोध में वहीं पर धरने पर बैठ गई। हंगामे के बाद पुलिस ने टीम के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। छह सदस्यीय फैक्ट फाइडिंग टीम का नेतृत्व पटना हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एल नरसिम्हा रेड्डी कर रहे हैं। पुलिस ने संदेशखाली में धारा 144 लागू होने का हवाला देकर फैक्ट फाइडिंग को रोका। पुलिस ने टीम को भोजेरहाट इलाके में



रोका और फिर हंगामे के बाद वहीं से गिरफ्तार कर लिया। संदेशखाली में पीड़ितों से मिलने के लिए फैक्ट फाइडिंग (तथ्य जांचने वाली टीम) टीम बंगाल दौरे पर थी, लेकिन पुलिस ने टीम को संदेशखाली पहुंचने से पहले ही रोक दिया। इसके विरोध में फैक्ट फाइडिंग टीम विरोध में वहीं पर धरने पर बैठ गई। हंगामे के बाद पुलिस ने टीम के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। टीम की सदस्य चारू वली खन्ना ने पुलिस द्वारा उन्हें रोके जाने पर कहा कि हम संदेशखाली जा रहे थे, लेकिन हमें रोक दिया गया। पुलिस ने जानबूझकर हमें रोका और परेशानी खड़ी कर रहे हैं। पुलिस हमें पीड़ितों से मिलने नहीं जाने दे रही है। खन्ना ने कहा कि पुलिस को जवाब देना चाहिए कि वह हमें हिरासत में क्यों ले रही है?

## कांग्रेस में देश के विकास की इच्छाशक्ति ही नहीं : मोदी

**द्वारका।** गुजरात दौरे पर पीएम मोदी आज द्वारका गए। जहां उन्होंने द्वारकाधीश मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका नगरी के भी दर्शन किए। द्वारका में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने द्वारका नगरी के दर्शन को आलौकिक अनुभव बताया और कहा कि वह इस अनुभव को हमेशा याद रखेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि आज जो मैंने अनुभव किया, वो हमेशा मेरे साथ रहेगा।

मैं समुद्र के भीतर गया और प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन किए। समुद्र के भीतर मैंने दिव्यता का अनुभव किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने द्वारकाधीश के सामने शीश झुकाया। मैं मोर के पंख भी अपने साथ लेकर गया था और उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित किया। मैं हमेशा से वहां जाने का इच्छुक था और द्वारका नगरी के अवशेषों को



छूना चाहता था, आज मैं भावुक हूं क्योंकि मेरा दशकों पुराना सपना पूरा हो गया है। पीएम मोदी ने आज सुदर्शन सेतु का उद्घाटन किया। इस पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा यह पुल सिर्फ एक सुविधा नहीं है बल्कि ये इंजीनयरिंग का अद्भुत नमूना भी है। निर्माण इंजीनियिरिंग के छात्रों को यहां आकर सुदर्शन सेतु को देखना चाहिए। यह भारत का सबसे लंबा केबल पुल है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैंने नया भारत बनाने की गारंटी दी तो विपक्ष मुझे गाली देने लगा और इसे नकार दिया। आज सभी लोग नए भारत को अपनी आंखों के सामने बनते देख रहे हैं। जिन्होंने लंबे समय से देश पर राज किया, उनके पास इच्छा शक्ति ही नहीं थी, उनकी सोच सिर्फ आम जनता को बातें सुनाने की ही थी। कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार को समृद्ध किया। उनकी सारी सोच सिर्फ पांच साल के लिए सरकार बनाने और घोटालों को छिपाने तक सीमित थी। 2014 से पहले वे भारत को 11वीं अर्थव्यवस्था बना पाए। जिस बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना चाहिए था, उसे घोटालों के जरिए लूटा गया। कांग्रेस ने 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, सबमरीन घोटाला किया। कांग्रेस ने देश की हर जरूरत से मुंह फेरा। जब आपने मुझे दिल्ली भेजा तो मैंने वादा किया था कि देश को और लुटने नहीं दूंगा।

## हम पर कोई अपनी मर्जी नहीं थोप सकता : जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- क्वाड दुनिया को 5 मैसेज देता है। इसमें से सबसे अहम मैसेज यह है कि आज के दौर में कोई भी हमारी मर्जी, हमारी इच्छा पर वीटो नहीं लगा सकता। क्वाड यहां लंबे समय तक रहने वाला है। यह संगठन लगातार आगे बढ़ेगा और वैश्विक विकास में अपना योगदान देगा। दिल्ली में रायसीना डायलॉग के बैनर तले क्वाड के एक थिंक टैंक फोरम में विदेश मंत्री ने कहा- इंडो पेसिफिक से जुड़ी हर पहल के केंद्र में आसियान ही है। क्वाड कोल्ड वॉर के बाद की सोच को बढ़ावा देता है। यह कुछ देशों के एकतरफा दबदबे के खिलाफ है। जयशंकर ने कहा कि क्वाड आजाद, खुले और सबको साथ लेकर चलने वाले इंडो-पेसिफिक को बढ़ावा देता है। चार देशों का यह समूह एक मल्टी-पोलर व्यवस्था के विकास का सबूत है।

## राहुल और प्रियंका ने कार्यकर्ताओं मिलकर बढ़ाया मनोबल

**बुलंदशहर। उत्तर** प्रदेश के बुलंदशहर जनपद में रविवार सुबह राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने न्याय यात्रा के अलीगढ़ की ओर रवाना होने के दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया।कांग्रेस पार्टी के बुलंदशहर जिला अध्यक्ष राकेश भाटी ने बताया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की बाद में वह खुली जीप में सवार होकर पंडावल से अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए।गौरतलब है कि संभल की ओर से गंगा का पुल पार करने के बाद कल 24फरवरी की रात्रि में उन्होंने जनपद बुलंदशहर के अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र से प्रवेश किया था इस



दौरान कार्यकर्ताओं ने पांच कुंतल फूलों की पुष्प वर्षा कर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के पंड्रावल नामक स्थान पर यात्रा का रात्रि विश्राम कराने के उपरान्त आज प्रातः अलीगढ़ के लिए रवाना हो गई।इस दौरान ग्रामीण इलाकों में जहां-जहां से भी यात्रा गुजरी कार्यकर्ताओं ने संगठित होकर उनका स्वागत किया।

## बिना ड्राइवर के 70 किलोमीटर दौड़ी मालगाड़ी

**जम्मू/चंडीगढ़।** डीजल इंजन से चलने वाली मालगाड़ी ने रविवार को चालकों के बिना जम्मू-कश्मीर के कठुआ से पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव तक 70 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह 7ः25 से नौ बजे के बीच हुई, लेकिन इस दौरान किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि चिप पत्थरों से लदी 53 बोगी वाली मालगाड़ी जम्मू से पंजाब जा रही थी। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि चालक बदलने के लिए ट्रेन को जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर रोका गया था और ऐसा प्रतीत होता है कि यह जम्मू-जालंधर खंड पर ढलान वाली

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 7 लोगों की मौत

- **आसपास 30 मीटर दूर तक बिखरा पड़ें रहे शवो के चीथड़े व मलवा**
- **सिलसिलेवार विस्फोट से दहला इलाका, दो दर्जन मजदूर आग में झुलसे**
- **मौके पर दो घंटे देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**

**कौशाम्बी।** पुलिस की नाकामी एक बार फिर सामने आई है। शासन के मंशा के विपरीत पटाखा की फैक्ट्री कोखराज थानाक्षेत्र के भरवारी कस्बे में संचालित हो रही थी। जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों की काम करने की जानकारी मिली है। जिसमें सात लोगो की विस्फोट में जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि डेढ़ दर्जन लोग घायल हुए। जिनको गम्भीर रूप से घायल हालत में बाहर निकालकर इलाज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां आठ लोगो की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। कौशाम्बी जिले के कोखराज क्षेत्र नगर पालिका भरवारी खल्लाबाद निवासी शराफत अली के कस्बे में संचालित हो रही पटाखा फैक्ट्री में सिलसिलेवार विस्फोट के बाद आग लग गई । जहां पर कई किस्मों के पटाखा तैयार किया जाता है। जिसे बनाने के लिए गरीब परिवारों के लोगों द्वारा चन्द रूपये की दिहाड़ी मजदूरी से काम कर रहे थे। रविवार को समय लगभग 11 बजकर 30 मिनट के आसपास पुरानी बाजार भरवारी के लोग सबेबरात त्योहार की चर्चा करते हुए खरीददारी कर रहे थे। उसी बीच इतना जोरदार धमाका जो लगातार होने से लोगों के दिल दहल उठा। वही लोगों के घरों की दिवार जो पटाका फैक्ट्री से लगभग 500 मीटर की एरिया के अन्तर्गत आती है। वह धमाके से हिल गई। लोगों के कुछ क्षणों के लिये धडकने रूक जैसे गई। आसमान में धुयें का गुब्बार छा गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि लगभग 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दिया। देखते ही देखते हजारों लोग मौके पर पहुँच गये।



फैक्ट्री में धमाके के बाद ध्वस्त हुआ मकान व लगी आग



घटना स्थल पर पहुंच कर मीडिया को जानकारी देते एसपी बृजेश कुमार



पटाखा फैक्ट्री में मृतकों के शव निकालती व बचाव करती पुलिस

विस्फोट इतना जोरदार था कि अन्दर काम करने वाले मजदूरों के शव के चीथडे उड कर पास के अमरूद के बाग में जा गिरे। विस्फोट में फैक्ट्री मालिक घटना का शिकार हो गया। पटाखा फैक्ट्री में मरने वालों की शिनाख्त की गई। मृतकों में पटाखा फैक्ट्री मालिक शाहिद अली भी शामिल है। इनके अलावा शिव नारायण, रेखा देवी, जनार्दन कुमार, मंगला प्रसाद और बल्लू के अलावा एक और शख्स की भी मौत हुई है। यह सभी अमहा गांव के निवासी है। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में अब तक शिव नारायण, बबलू, अशोक, दिन्ना, कल्लू, नरेश, कौशर, राम भवन आदि शामिल हैं। इनमें 6 घायलों को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज भेजा गया है।

**घटना स्थल पर एसपी ने पहुंच कर संभाला कमान :** घटना की जानकारी पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते हुए आगे पर काबू पाने का निर्देश दिया। मीडिया भी पहुँच कर किसी तरह विस्फोट से बचते हुए घटना को कवरेज करती रही। मीडिया को भी भीड़ का हिस्सा समझ पुलिस ने हटने के लिए क्रूर शब्दों का प्रयोग भी किया। पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने में जुटी संदीपनघाट, करारी, कोखराज सहित भरवारी सहित कई थानो की फोर्स के अलावा कई एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। बिडम्बना तो यह रही कि लगभग दो घंटे में फायर ब्रिगेड पहुँचा। तब तक सब स्वाहा हो चुका था।

**पुलिस की लापरवाही आई सामने :** वहीं पुलिस प्रशासन की लापरवाह सामने आई की लगभग विगत 3 वर्ष पहले भी भरवारी पुलिस चौकी के चन्द कदमों की दूरी पर ऐसा ही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। जिसमें तीन महिला दिहाड़ी मजदूर विस्फोट में मौत के गाल में समा गये थे। कुछ समय तक यह मौत के सौदागर शान्त रहे। किसके सहयोग से इतना बड़ा बारूद स्टाक रख पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। यह बडा सवाल बना हुआ है।

# रायबरेली सहित पांच एम्स राष्ट्र को समर्पित

- **पीएम मोदी ने राजकोट से देश को पांच एम्स की दी सौगात**



**रायबरेली (स्पष्ट आवाज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट गुजरात से पाँच एम्स को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पहले देश के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रम दिल्ली से होते थे। परंतु अब देश के सभी स्थलों से महत्वपूर्ण कार्यक्रम होते हैं।
इसी क्रम में राजकोट की धरती से राजकोट, रायबरेली, भटिण्डा, कल्याणी और मंगलागिरी को एम्स दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीढ़ियां बदल गयीं, परन्तु देश की जनता ने मुझे अपार प्यार दिया है। इस प्रेम को ब्याज के साथ वापस करूँगा। रायबरेली को एम्स की गारंटी हमने दी थी, जिसे आज पूरा किया गया। आज देश में लगातार एम्स और मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। भारत ने कोरोना से कैसे लड़ाई लड़ी, इसकी चर्चा पूरे विश्व में होती है। देश के कोने कोने में आयुष आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। हमने पोषण,योग और स्वच्छता पर जोर दिया। आधुनिक मेडिकल चिकित्सा के साथ साथ पारंपरिक चिकित्सा व्यवस्था को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जन औषधि केन्द्रों में अस्सी प्रतिशत डिस्काउंट पर दवाई दी जा रही है। इससे गरीबों को लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोगों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। देश में सौर ऊर्जा को सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे लोगों की बिजली की मांग पूरे हो सके। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए हम सब लोग मिलकर काम करें।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्स रायबरेली से वर्चुअल लोकार्पण को देखा। इससे पहले उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। इन दस सालों में भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश को दो नए एम्स प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही अन्य जनपदों में तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने रायबरेली की जनता से कहा कि उनकी दशकों पुरानी प्रतिक्षा आज खत्म हुई। आज रायबरेली को अपना एम्स प्राप्त हो चुका है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों से देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश की जनता को स्वास्थ्य और सुरक्षा की गारंटी मिली हुई है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसकी भी गारंटी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के हर क्षेत्र में कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को सम्मान और युवाओं को आजीविका मिली है। मुख्यमंत्री ने रायबरेली की जनता को बधाई देते हुए आश्वस्त किया कि उनकी आकांक्षाओं,आशाओं के अनुरूप ही कार्य किया जाएगा। इस मौके पर एम्स रायबरेली सीईओ अरविंद राजवंशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ साथ आये हुए मंत्रीगणों का स्वागत किया।
कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, केंद्रीय मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने भी जनता को संबोधित किया। मंच पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक अशोक कोरी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, सालों विधायक अशोक करी राजा राकेश प्रताप सिंह उमेश द्विवेदी पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह इंद्रेश विक्रम सिंह सहित कई पूर्व विधायक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त आवाज

### किलकारी हॉस्पिटल का फीता काटकर किया गया भव्य उद्घाटन



उद्घाटन करते हुए

**रायबरेली (स्पष्ट आवाज)।** किलकारी हॉस्पिटल का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। गैरहगढ़ रोड सारदा नगर पाली महराजगंज, में किलकारी हॉस्पिटल का डाक्टर विजय कृष्णन, एडवोकेट अमित श्रीवास्तव ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया और हॉस्पिटल संचालक डाक्टर सत्यम, डाक्टर अभिषेक शर्मा को शुभकामनाएं व बधाई दी। साथ ही डाक्टर विजय कृष्णन ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल से अब मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगो ने खुशी जाहिर किया है।

### रविदास जयंती पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** संत रविदास जयंती के अवसर पर राम रहीम इंटर कॉलेज महाराजगंज महसी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय की छात्रा नैंसी बाजपेई सोनी और नज्मुशहर के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक द्वारा विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व आए हुए अभिभावकों को अंग वस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा शिक्षकों को बच्चों के हित में सराहनीय कार्य करने हेतु प्रेरित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रमेश चंद्र पाठक ने समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया । अंत में टीम बनाकर छात्र-छात्राओं के बीच विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। इस कार्यक्रम में दर्जनों अभिभावक विद्यालय के समस्त कर्मचारी व काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिन्होंने मुझे सब कुछ दिया, उन मोदी -योगी के लिए भूखे भी रह सकते हैं : गंगा देई



**रायबरेली (स्पष्ट आवाज)।** राही विकासखंड के बेला खारा मौहारी निवासी गंगा देई भी रविवार को मुंशीगंज रायबरेली स्थित एम्स में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं। उन्होंने कहा कि आज सुबह से ही घर से निकली हूं। मोदी योगी का कार्यक्रम देखना है।सुबह घर से भूखी ही निकली हूं। जिन्होंने मुझे सब कुछ दिया, उन मोदी-योगी के लिए सारा दिन भूखी भी रह सकती हूं। गंगा देई भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से पूरी तरह संतुष्ट दिखाई पड़ीं ।उन्होंने कहा कि मोदी-योगी ने आवास दिया, गैस कनेक्शन दिया, मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि समूह द्वारा मुझे आर्थिक लाभ मिल रहा है। उनके लिए भूखे रहना कोई बड़ी बात नहीं है।

### पंखे से लटकी मिली महिला की लाश

**छतोह, रायबरेली(स्पष्ट आवाज)।** रविवार की सुबह नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया धरई चौराहा की रहने वाली रंजीता पत्नी सोनू कोरी आयु लगभग 35 वर्ष की लाश दूसरी मंजिल पर बने उसके कमरे में छत के पंखे से लटकी हुई मिली। घटना की रात उसकी 10 वर्षीय बेटी श्रेया और 04 साल का बेटा अमरेंद्र उसके पास ही सोए हुए थे। सुबह जागने पर दुपट्टा के फंदे में पंखे से लटकती मां की लाश देख कर बच्चे रोने चिल्लाने लगे, तो मकान के निचले हिस्से में रहने वाले उसके ससुर राम अधार को जानकारी हुई। उसने घटना की सूचना फोन द्वारा मृतका के पिता शिव भजन निवासी ग्राम सिरसी, थाना डीह को दी। जिसने आकर लाश उतरवाई।मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। सोनू गुडगाँव में रहकर मजदूरी करता है, उसे भी जानकारी दे दी गई है। पुलिस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

## ग्राम पंचायत सदस्य ने बिना कार्य कराए किया बंदरबांट

- **मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत**

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हर्रा की महिला ग्राम पंचायत सदस्य गीता देवी ने रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए ग्राम पंचायत में बिना कार्य कराए धन का बंदरबांट करने वाले ग्राम प्रधान व सचिव व रोजगार सेवक के विरुद्ध जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर किये शिकायत में बताया है कि ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक पंचायत मित्र द्वारा सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2012-22 व 2022-23 में जितने भी कार्य कराए गए थे बिना कार्य कराए ही ग्राम प्रधान कमलेश कुमार व सचिव अमर बहादुर सिंह व रोजगार सेवक पंचायत मित्र नन्हकू पाल द्वारा लाखों रुपए का बंदरबांट किया गया है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत के सदस्यों को बिना सूचना बैठक दिये विकास कार्यों का प्रस्ताव बनाए फर्जी प्रस्ताव बनाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ बिना बैठक कर प्रस्ताव बनाए जाने पर ग्राम पंचायत सदस्यों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि उक्त ग्राम पंचायत सचिव जिन ग्राम पंचायतों में तैनात हैं हर ग्राम पंचायत में बिना कार्य कराए धन का बंदरबांट किया जा रहा है शिकायत के बाद भी ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर सारा सामान उठा ले गए दबंग

- **पीड़ित महिला ने आत्मदाह करने की की कोशिश**



**कर्नलगंज, गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में दबंगों द्वारा एक महिला की भूमि पर जबरन कब्जा करके घर में घुसकर रखे सामानों में तोड़फोड़ करते हुए पीड़ित परिवार को मारपीट कर बदसलूकी करने एवं लाखों रुपए के जेवर सहित कीमती सामान उठा ले जाने का मामला सामने आया है। दबंगों से त्रस्त पीड़ित महिला
ने स्थानीय कोतवाली में न्याय न मिलने पर तहसील के सामने आत्मदाह करने की कोशिश की। पुलिस मामले में कार्रवाई ना करने का गंभीर आरोप है। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं कार्यवाही की गुहार लगाई है। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भोंका के बक्शीपुरवा की रहने वाली नज्जो (45) वर्ष पत्नी समी अहमद भूमि विवाद को लेकर गाँव के दबंगों से इतना परेशान हो गई कि उन्होंने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला कर लिया। शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने के बाद कोई कार्यवाही ना होने पर तहसील के सामने सड़क पर आकर हाथ में बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लेकर आत्मदाह करने जा रही थी कि इतने में कुछ पुलिस कर्मी पहुँच गए और बोतल छीनकर कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उसे शांत कराये। कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक दिन में करीब 10 बजे विपक्षी गण अमीर खान पुत्र छोटकउ, मोहम्मद जहीर पुत्र इब्राहिम, मन्ना, कय्यूब पुत्र, ताहिर, पप्पू पुत्र सहदुल्ला, सब्बो पुत्र सनाउल्ला,रज्जन पुत्र इब्राहिम, अकबाल हुसैन पुत्र तौकल, फकरुल पत्नीबौर वली मोहम्मद व खुशी मोहम्मद पुत्र गण अजीमुल्ला व बाउर पुत्र फकीरे, सज्जो पत्नी खुशी मो0,आशिया पत्नी वली मो0,छप्पन पत्नी अजीमुल्ला, सलमा पत्नी रकीब व अजीज अहमद पुत्र इसमाईल, साफिया पत्नी अजीज अहमद, निवासियान ग्राम भोंका बक्शी पुरवा व अन्य कई लोग अज्ञात पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थिनी के के रास्ते को सभी विपक्षीगण मिलकर जबरन बंद करने लगे,उसके मना करने पर विपक्षीगण प्रार्थिनी के परिवार के सदस्यों व प्रार्थिनी को मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए घर में घुसकर लात मूका घूंसा से मारने लगे और घर में रखा बक्शा विपक्षीगण उठा कर ले गये एवं जान से मार डालने की धमकी देने लगे व घर में लगा सीसीटीवी कैमरा को तोड़ दिया और नल, बाथरूम व अन्य गृह उपयोगी सामान को तोड़ दिया।

## संघ की शाखाओं में व्यक्ति बनता है संस्कारवान : विजय प्रकाश

- **बैसवारा इंटर कालेज खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ शाखा संगम, स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्र रक्षा का संकल्प**



**रायबरेली (स्पष्ट आवाज)।** कस्बे के बैसवारा इंटर कालेज खेल मैदान में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लालगंज नगर की ओर से शाखा संगम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे स्वयंसेवकों ने राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट लखनऊ : विजय प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की शाखा व्यक्ति में व्यक्तित्व, राष्ट्रभक्ति व संस्कार निर्माण की पाठशाला है, जहां राष्ट्र भक्तों का जन्म होता है। संघ की शाखा द्वारा सर्वोच्च नेतृत्व करने की क्षमता रखने की शिक्षा मिलती है। आज के समय में देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का नेतृत्व कर रहे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, बाला साहब देवरस, अशोक सिंघल आदि इसी पाठशाला से निकलकर देश व समाज का नेतृत्व करते हुए इतिहास में ख्याति प्राप्त की है। मुख्य वक्ता विजय प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में राष्ट्र के कार्य करने के लिए अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण किया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को नियमित शाखा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला इकाई लालगंज नगर में लगने वाली 10 शाखाओं का शाखा संगम आयोजित किया गया। जिसमें सभी शाखाओं के कार्यकर्ता और स्वयंसेवक शामिल हुए। खेलकूद, सामोहिक सूर्य नमस्कार, बौद्धिक और प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह उधम जायसवाल, जिला संघ चालक रामचरण, जिला प्रचारक बृजेश, नगर प्रचारक ओम नारायण, जिला कार्यवाह अनंत, जिला बौद्धिक प्रमुख राजेश सोनी, नगर संघ चालक शीतला प्रसाद, सह नगर संघचालक शिव प्रकाश, नगर कार्यवाह इंद्रेश सिंह, सह नगर कार्यवाह विमल गुप्ता, सह नगर कार्यवाह पावस दीक्षित, मयंक सिंह, दिव्यांशु तिवारी, दीपक अवस्थी, नवीन, राणा प्रताप, सचिन गुप्ता, समर्थ, देवांश, कुशाग्र, गौरव, हनुमान सिंह, गणेश चंद्र, रवि बाजपेयी, समेत भारी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा यात्रा

**अयोध्या।** भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने रविवार से ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम शुरू किया। महानगर के भीखापुर में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरूण सिंह गप्पू ने कृषि यंत्रों के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की। इस दौरान पीएम के मन की बात का लाइव प्रसारण सुना गया। गांव के देवस्थान पर पूजा के बाद गांव की परिक्रमा पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने की। इस दौरान ग्रामवासियों से सम्पर्क कर सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा ने 51 किलो की माला पहना कर गदा व भगवान का चित्र दे कर उनका अभिनंदन किया।

## सरकार ने कानून बनाकर महिलाओं को दिया सुरक्षा व सम्मान : लल्लू सिंह

**अयोध्या।** भाजपा के सिविल लाइंस कार्यालय में रविवार को शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वंय सेवी संस्थाओं की महिलाएं शामिल हुईं। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लोक कल्याण तथा सभी के समुचित विकास को केन्द्र में रख कर सरकार द्वारा योजनाओं का निर्माण व क्रियान्वयन किया गया है। सरकार द्वारा महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान देने का कार्य किया गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, तीन तलाक पर कानून बना कर सरकार ने महिलाओं की स्थिति में सुधार किया है। भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज की उन महिलाओं तक पहुंचने का अभियान जो लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं है। आने वाले लोक सभा चुनाव में विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान आर्दश जागृति विकास एवं शिक्षण संस्थान की नेहा तिवारी, ग्रीन वर्ल्ड फाउन्डेशन की भारती सिंह, तथा सार्वण सेवा संस्थान की रजनीश मिश्र सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## बहराइच महोत्सव का गेंदघर मैदान में हुआ रंगारंग शुभारम्भ

- **प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने फीता काट महोत्सव का किया आगाज़**



**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज निषाद, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल निषाद, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी दिपेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, उद्यमियों, व्यापारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों की गरिमायी उपस्थिति में फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव का भव्य शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खुले आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ें गये तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा वंदना गीत, गणेश वन्दना व गीत प्रस्तुत किये गये। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों तथा श्री अन्न व रसोईया प्रतियोगिता के लिए सजाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा श्री अन्न तैयार की खीर व अन्य व्यंजनों का आनन्द भी लिया।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. निषाद ने प्रदेश के सभी जनपद में महोत्सव के आयोजन हेतु प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से युवा पीढ़ी को जनपद के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। महोत्सव के माध्यम से हम अपनी विरासत को आगे आने वाली पीढ़ी को सौंप सकेंगे। जिला प्रशासन तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रभारी मंत्री जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा उनकी टीम बधाई देते हुए मीडिया बन्धुओं से आग्रह किया कि आयोजन के प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करें।
प्रभारी मंत्री ने कहाकि बहराइच जैसे आकांक्षात्मक जनपद में ऐसे आयोजन लोगों के लिए एक अवसर है। डॉ. निषाद ने कहा कि मण्डलीय सरस मेला 2024 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित स्वय सहायता समूहों के स्टाल से जिले के स्वयं सहायता समूहों को नये उत्पाद तैयार की प्रेरणा मिलेगी। मुख्य अतिथि ने जनपदवासियों से अपील की कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये उत्पादों जैसे चिकनकारी, खादी उत्पाद, पापड़ नमकीन, टेराकोटा, शहद, हस्तशिल्पी, गोबर से निर्मित दीया, धूपबत्ती, अगरबत्ती व साबुन, बैग हैण्डीक्राफ्ट, चादर, मसाला, नमकीन एवं भुजा चना, मोरिंगा पाउडर, त्रिफला, आमला जूस, दूध, घी, पनीर, खोया, लोहे के उत्पाद, श्रीअन्न, अचार, जूट के बैग, पेपर व लैपटाप बैग, पेंटिंग, टेडी बियर, गेहूॅ के डण्ठल से तैयार कलाकृति, अचार मुरब्बा, फाइल कवर, मुरब्बा, कैण्डी, चप्पल, झाड़ू जैविक खाद व कीटनाशक, मिट्टी के उत्पाद, गुलदस्ता, डिटर्जेन्ट पाउडर, मल्टीग्रेन आटा, चाट व बताशा, दरी व रेडीमेट की अधिक से अधिक खरीद समूहों का उत्साहवर्द्धन करें।

## चुनावी तैयारियों और कानून व्यवस्था को लेकर एडीजी ने की बैठक



**गोंडा (स्पष्ट आवाज)।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार जनपद बहराइच में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर डॉ0 के0 एस0 प्रताप कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन रेंज गोण्डा अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 की तैयारियों व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी।
बैठक के दौरान महोदय द्वारा बताया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु आने वाले पुलिस बल के ठहरने, बिजली, जनरेटर एवं मूल भूत व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये मूलभूत सुविधाओं को समय से दुरुस्त करा लिया जाये जिससे उनको कोई भी समस्या ना हो सके। संवेदनशील व अतिसंवेदनशी मतदान केन्दों का चिन्हीकरण कराया जाये तथा ऐसे क्षेत्रों में निकट भविष्य में अर्ध सैनिक बलों के साथ रूट मार्च कराया जाए। जिन स्थानों पर शान्ति व्यवस्था वाधित होने की सम्भावना हो ऐसे स्थानों पर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
विगत विधानसभा/लोकसभा निर्वाचन के दौरान विधानसभावार निर्वाचन के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित अभियुक्तों के विरुद्द निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।
महोदय द्वारा बताया गया कि जनपद मे घटित अपराधों यथा-हत्या, लूट, बलात्कार, छेड़छाड़ आदि से सम्बन्धित प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जाये तथा पूर्व में पंजीकृत अभियोगों में प्रभावी पैरवी करते हुये समय से गवाहों के न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, गुण्डा एक्ट, जिला बदर की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। थाना क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन करा लिया जाये तथा उनके विरुद्द निरोधात्मक कार्यवाही की जाये । प्रत्येक थाना क्षेत्र के वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।
सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाश में आने वाली सूचनाओं / घटनाओं को त्वरित संज्ञान में लेते हुये तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र में प्रभावी रात्रि गस्त करायी जाये तथा दिन के दौरान भी भ्रमणशील रहते हुये क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल द्वारा कानून व्यवस्था कायम रखे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाये। लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में उपलब्ध जनशक्ति व शस्त्रों की उपलब्धता का आंकलन कर लिया जाये तथा शस्त्रों की साफ-सफाई भी सुनिश्चित कर ली जाये।
कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृण रखने हेतु जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों के धर्माचार्यों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की जाये़ तथा आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की जाये।

## संघर्ष आमंत्रण है प्रगति का जो करता है वही बढ़ता है आगे : अनुप्रिया पटेल



**मिर्जापुर।** विकास भवन के आडिटोरियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश के विभिन्न विभाग में प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों से चयनित अभ्यर्थी आयुष विभाग के 17, विद्युत विभाग के 63, स्वास्थ्य विभाग के एक, कुल 81 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मण्डलायुक्त डा0 मुथुकुमार स्वामी बी0, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार उपस्थित रहें। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग विभागों के 81 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया जिसमें आयुष विभाग के 17, विद्युत विभाग के 63 एवं स्वास्थ्य विभाग में डेंटल सर्जन का एक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है आप सभी युवाओं को बहुत सारी ढेर सारी शुभकामनाएं एवं अभिनंदन। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार आपसी समन्वय बनाकर डबल इंजन की गति से देश व प्रदेश के विकास को नई गति नई राह दिखाने का कार्य कर रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि संघर्ष आमंत्रण है प्रगति का जो करता है वही आगे बढ़ता है क्योंकि बिना संघर्ष के बिना चुनौतियों का सामना किया व्यक्ति कभी ऊंची उड़ान नहीं सकता है और न ही लंबी दूरी तय कर सकता है और दुनिया में जिसने भी ऊंची उड़ान भरी है जिसने भी लंबी दूरी तय की है जीवन में संघर्ष किया है और बहुत सारी चुनौतियों को सामना किया है।

## न्याय पंचायत स्तरीय सांसद महिला खेलकूद संपन्न




**छतोह, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)** रविवार को छतोह ब्लाक की न्याय पंचायत परैया नमकसार,छतोह, नसीराबाद और भुआलपुर सिसनी में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। छतोह न्याय पंचायत की प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने किया।
16 से 30 वर्ष की महिलाओं में सौ मीटर की दौड़ में नेहा सिंह प्रथम, द्वितीय स्थान पर सोनम व तीसरे स्थान पर रजनी रही। रस्सा कसी में चतुरपुर ने छतोह को हराया।लंबी कूद में नेहा सिंह प्रथम ,खुशबू द्वितीय, लक्ष्मी सिंह तीसरे स्थान पर रही। रस्सी कूद में सपना प्रथम, पुष्पा द्वितीय तथा शिवानी तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं की रस्साकसी में चतुरपुर की टीम ने छतोह को हराया। मटका फोड़ में गायत्री सिंह, नन्ही देवी, मंजू देवी तथा नींबू दौड़ में शकुंतला प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा किरन तीसरे स्थान पर रही।बैलून दौड़ में बबुरी की टीम जीती। दो सौ मीटर पैदल चाल में शकुंतला प्रथम, बबुला द्वितीय तथा सरोजनी तीसरे स्थान पर रही। भुआलपुर सिसनी न्याय पंचायत में नेहा प्रथम,साधना द्वितीय तथा अंजली तीसरे स्थान पर रही। लंबी कूद में ज्योति प्रथम,मोनी द्वितीय व सरस्वती तीसरे स्थान पर रही। नसीराबाद के रामलीला मैदान पर संयोजक राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि 16 से 30 आयु की महिलाओं में सौ मीटर दौड़ में मोहिनी प्रथम,सुनैना द्वितीय तथा शबनम तीसरे स्थान पर, रस्सी कूद में वंशिका प्रथम, सुषमा दूसरे व कोमल तीसरे स्थान पर रही।लंबी कूद में मोहिनी प्रथम, सुनैना द्वितीय,शबनम त्रितीय तथा 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में नींबू दौड़ में शोभा प्रथम, कृष्णा द्वितीय तथा राजेश कुमारी तीसरे स्थान पर रही।मटका फोड़ में लक्ष्मी प्रथम, मीरा द्वितीय, गुलाब कली तृतीय, कुर्सी दौड़ में भानमती प्रथम, सीमा द्वितीय, शोभा तीसरे स्थान पर, दो सौ मीटर पैदल चाल में कृष्णा प्रथम, पुष्पा द्वितीय, सुखरानी तृतीय तथा बैलून दौड़ में मायावती प्रथम, ज्ञानवती द्वितीय, ललिता तृतीय स्थान पर रही। रस्सा कसी में जमालपुर हुरैंया ने महमदपुर नमकसार को हराया। परैया नमकसार में संयोजक अगम मौर्य ने बताया कि 16 से 30 वर्ष में सौ मीटर की दौड़ में रागिनी प्रथम, उमा यादव दूसरे तथा रोशनी तीसरे स्थान पर, लंबी कूद में रागिनी प्रथम, शिवानी दूसरे पूजा तीसरे स्थान पर, रस्सा कसी में सोनम की टीम ने अवनी की टीम को हराया। रस्सी कूद में शिफा प्रथम, सोनी दूसरे स्थान पर,30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की रस्साकसी में सुनीता की टीम ने गुड़िया की टीम को हराया। नींबू दौड़ में पिंकी प्रथम,रेखा दूसरे, गुंजन तीसरे पर,कुर्सी दौड़ में अंजू प्रथम व गुंजन दूसरे पर, पैदल चाल में रेखा प्रथम,अंजू दूसरे पर, गुब्बारा दौड़ में गीता प्रथम राजकुमारी दूसरे स्थान पर रही। सभी विजेता व उपविजेता को सांसद स्मृति ईरानी के द्वारा भेजा गया प्रमाण पत्र व पुरस्कार स्वरूप पर्स दिया गया। विधान सभा संयोजक राजू सिंह ने बताया कि प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर आने वाली महिलाओं को सांसद के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक त्रिपाठी, राजेश कुमार मौर्य, परविंद कुमार वैश्य, दुर्गेश मौर्य, राजू सिंह,अभय तिवारी, गोलू सिंह दीपू तिवारी सुनील तिवारी संयोजक अंशुमान सिंह, चंदन सिंह, अनिरुद्ध तिवारी, सचिन कुमार, इंजी.आलोक सिंह, इंजी. आलोक विक्रम सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला चिकित्सक की नहीं है तैनाती



**मनकापुर गोन्डा।** मनकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डाक्टर की कमी मरीजो के लिए एक जटिल समस्या है।जो कयी बर्षो से समस्या का समाधान न तो शासन ने कराया न ही प्रशासन ने जबकि इस स्वास्थ्य केंद्र पर प्रमुख स्वास्थ्य सचिव तक की चहल कदमी हो चुकी है।जिसके सम्बन्ध मे मीडिया द्वारा महिला डाक्टर ,व सर्जन की तैनाती को लेकर सवाल किये गये थे।उत्तर मे तैनाती की बात कही गयी थी।परन्तु आश्वासन तक सीमित रहा।जो केवल हास्य प्रद है।बर्षो बीतने के बाद सारी बाते हवा हवाई हो गयी। जबकि मनकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोन्डा व फैजाबाद के मध्य का केंद्र बिन्दु है।यदि किसी महिला को चिकित्सा की जरूरत होती है तो मनकापुर नही फैजाबाद या गोन्डा की सहायता लेने की मजबूरी बनी है। जबकि सासंद का गृह नगर पाया जाता है। बहरहाल सासंद ने मनकापुर स्वास्थ्य केंद्र की जाच की लेकिन महिला डाक्टर की कमी पर शायद ध्यान देना भूल गये।

मैं उस व्यक्ति को बहादुर मानता हूं जो शत्रु की तुलना में अपनी इच्छाओं पर विजय प्राप्त करता है। खुद पर जीत प्राप्त करना सबसे कठिन कार्य है।

**अरस्तु**

# लंबी अस्थिरता की ओर

पाकिस्तान की सेना ने ऐसा ड्रामा रचा है, जिसमें मंच पर मौजूद पात्र उसके लिखे संवाद ही बोलें। यह खेल पाकिस्तानी आवाम के साथ-साथ बाकी दुनिया भी देख रही है। मगर यह खेल इतना महंगा है, जिसकी कीमत चुकाने लायक संसाधन पाकिस्तान के पास नहीं हैं।

पाकिस्तान में सेना ने लोकतंत्र का जो स्वांग रचा है, उसकी महंगी कीमत मुल्क को चुकानी पड़ सकती है। यह स्पष्ट है कि हालिया चुनाव में तमाम लोकतांत्रिक मर्याताओं को ताक पर रख देने के बावजूद सेना ऐसी सियासी सूरत तैयार नहीं कर पाई है, जिससे स्थिर सरकार की राह निकले। सबसे लोकप्रिय- और नेशनल असेंबली में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को सत्ता से बाहर रखने के लिए सेना ने बाकी तमाम दलों को मिलाकर गठबंधन सरकार बनवाने की चाल चली है। लेकिन वह दो प्रमुख दलों- पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को सत्ता साझा करने पर राजी नहीं कर पाई है। हालांकि पीपीपी के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति बनाने पर सहमति बनी है, इसके बावजूद पीपीपी पीएमएल-नवाज के शहबाज शरीफ के नेतृत्व में बनने जा रही सरकार में शामिल नहीं होगी। वह मुद्दों के आधार पर उसे बाहर से समर्थन देगी।

पाकिस्तान में सेना ने लोकतंत्र का जो स्वांग रचा है, उसकी महंगी कीमत मुल्क को चुकानी पड़ सकती है। यह स्पष्ट है कि हालिया चुनाव में तमाम लोकतांत्रिक मर्याताओं को ताक पर रख देने के बावजूद सेना ऐसी सियासी सूरत तैयार नहीं कर पाई है, जिससे स्थिर सरकार की राह निकले। सबसे लोकप्रिय- और नेशनल असेंबली में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को सत्ता से बाहर रखने के लिए सेना ने बाकी तमाम दलों को मिलाकर गठबंधन सरकार बनवाने की चाल चली है।

पीपीपी के नेता बिलावल भुट्टो-जरदारी ने संभवत- यह आकलन किया है कि शहबाज शरीफ की सरकार आईएमएफ के सख्त नुस्खे पर चलेगी, जिससे पाकिस्तानी आवाम की मुश्किलें बढ़ेंगी। पीपीपी इससे पैदा होने वाले जनाक्रोश के निशाने पर नहीं आना चाहती। पाकिस्तान पहले से गहरे संकट में है। दो साल की राजनीतिक अस्थिरता ने संकट और बढ़ाया है। सुरक्षा के मोर्चे पर भी पाकिस्तान को गहरी चुनौतियों को सामना करना पड़ रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों की हिंसक गतिविधियां बढ़ती चली गई हैं। ऐसे गंभीर हालात से एक स्थिर और मजबूत सरकार ही निपट सकती है। इस लिहाज से तो बेहतर यह होता कि सेना कठपुतली सरकार बनवाने के बजाय खुद सत्ता अपने हाथ में ले लेती! लेकिन उसने ऐसा ड्रामा रचा है, जिसमें मंच पर मौजूद पात्र उसके लिखे संवाद ही बोलें। यह सब इतना खुलेआम ढंग से किया गया है कि पाकिस्तानी आवाम के साथ-साथ दुनिया भी पूरा खेल देख रही है। मगर यह खेल इतना महंगा है, जिसकी कीमत चुकाने लायक संसाधन पाकिस्तान के पास नहीं हैं।

## आज का इतिहास

1832 - पोलैंड के संविधान को हटाया गया।
1863 - अमेरिकी राष्ट्रपति लिंकन ने अमेरिकी मुद्रा अधिनियम पर हस्ताक्षर किया।
1910 - ऑस्ट्रिया - हंगरी ने अमेरिका को सबसे पसंदीदा राष्ट्र का दर्जा दिया।
1925 - तुर्की सरकार के खिलाफ जेहाद शुरू हुआ।
1952 - विन्सेन्ट मैसी ने कनाडा के पहले गवर्नर-गवर्नर जेनरल के रूप में शपथ ली।
1993 - न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमले में छह लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए।
1994 - प्रसिद्ध भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पूनिया का जन्म।
1995 - कॉपीराइट मुद्दे पर अमेरिका एवं चीन के बीच समझौता।
1998 - वेनेजुएला- प्रशांत महासागर में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा गया।
1999 - पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने नया रिकार्ड बनाया।
2001 - क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन का निधन।
2004 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकरराव चह्वान का निधन।
2006 - परमाणु परिशोधन पर ईरान और रूस में समझौता।
2007 - नेपाल सरकार ने नरेश की सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण करने की घोषणा की।
2009 - इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हेमन्त लक्ष्मण गोखले को मद्रास उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया।
2010 - अफगानिस्तान के काबुल में हुए आत्मघाती हमलों में 17 लोग मारे गए।
2011 - अल्जीरिया के राष्ट्रपति देश में 19 वर्ष पहले लगाए गए आपातकाल को आधिकारिक रूप से समाप्त किया।

# स्वातंत्र्यवीर सावरकर: जीवन तिहरे संघर्ष में बीता, दोहरा आजीवन कारावास

**रमेश शर्मा**

स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर अकेले ऐसे क्राँतिकारी हैं जिन्हें दो बार आजीवन कारावास हुआ। उनका पूरा जीवन तिहरे संघर्ष में बीत। एक संघर्ष राष्ट्र की संस्कृति और परंपरा की पुनर्स्थापना के लिये किया। दूसरा संघर्ष देश को अंग्रेजों से मुक्ति के लिये। तीसरा संघर्ष भारत के अपने ही बंधुओं के लांछन झेलने का। उनका संघर्ष सत्ता के लिए या राजनीति के लिए नहीं अपितु भारत राष्ट्र की अस्मिता और हिन्दु समाज के जागरण के लिए था। उनका और उनके परिवार का पूरा जीवन भारत के स्वत्व की प्रतिष्ठापना के लिए समर्पित रहा।

उनका जन्म महाराष्ट्र प्रांत के पुणे जिला अंतर्गत भागुर ग्राम में 28 मई 1883 को हुआ था। उनकी माता का नाम राधाबाई और पिता का नाम दामोदर पन्त सावरकर था। इनके दो भाई और थे- एक गणेश दामोदर सावरकर और दूसरे नारायण दामोदर सावरकर थे। गणेश सालरकर उनसे बड़े थे और नारायण छोटे। एक बहन नैनाबाई थीं। जब विनायक केवल नौ वर्ष के थे तब ही हैजा महामारी ने माताजी को छीन लिया था। सात वर्ष बाद 1899 में इसी महामारी के चलते उनके पिता भी स्वर्ग सिधार गये। बड़े भाई गणेश ने परिवार के पालन-पोषण का कार्य सँभाला। दुःख और कठिनाई की इस घड़ी में अग्रज गणेश सावरकर के व्यक्तित्व का विनायक पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्हें लगा कि जिस प्रकार बड़े भाई न केवल अपने पैरों पर स्वयं खड़े हैं और परिवार संभाल रहे हैं, क्यों न वे भी अपने पैरों पर खड़े हों और समाज की सेवा करें।

कुछ विभूतियाँ साधारण नहीं होतीं, वे प्रकृति की अतिरिक्त ऊर्जा के साथ संसार में आतीं हैं। ऐसी विशिष्ट विभूतियाँ अपने आसपास की एक एक घटना से सीखतीं हैं और समाज को सिखाने का प्रयास करतीं हैं। विनायक सावरकर ऐसे ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने एक साथ विभिन्न दिशाओं में चिंतन आरंभ किया। महामारी ने केवल उनके माता-पिता को ही नहीं छीना था बल्कि देश के लाखों करोड़ों लोगों के भी प्राण लिये थे। भारतीय समाज जीवन इस विभीषिका को झेल रहा था। विनायकजी ने भारतीय समाज को जागृत करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ नवयुवकों की टोली बनाई और समाज संस्कृति का जागरण का कार्य आरंभ किया। इसके साथ शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की। पढ़ने में उनकी रुचि तो बहुत थी, वे लेखन कार्य भी करते थे। सामयिक विषयों पर टिप्पणियां और कविताएँ लिखने का अद्भुत कौशल था। उन्होंने मित्र मेलों का आयोजन करना आरंभ किया। इन मेलों में राष्ट्र और संस्कृति की बात होती और यह भी कि भारतमाता पर कितना संकट है, कैसे वह संकट दूर होगा। इन मेलों के माध्यम से नवयुवकों में राष्ट्रीयता की भावना प्रबल होने लगी। सत्रह वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ। पत्नि का नाम यमुना देवी था। ससुर रामचन्द्र जी ने सावरकर जी की उच्च शिक्षा का भार उठाया। 1902 में वे फर्ग्युसन कालेज पुणे में बीए करने पहुंचे। समय के साथ विनायक जी की दो संतानों ने जन्म लिया- विश्वास सावरकर और पुत्री प्रभात सावरकर।

पुणे में ही उन्होंने 1904 में एक संस्था का गठन किया जिसका नाम ÷अभिनव भारत÷ रखा। यह एक क्रांतिकारी संगठन था जिस पर बाद में अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा दिया था।



1905 में बंगाल के विभाजन के बाद इस संगठन ने पुणे और आसपास के क्षेत्रों में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। विनायक सावरकर और अभिनव भारत के कार्यकर्ता घूम-घूम कर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देते थे। इस पूरी टीम को बाल गंगाधर तिलक का आशीर्वाद मिला। तिलक जी के प्रयास से विनायक दामोदर सावरकर को छात्रवृत्ति मिली। उनके आलेख ÷इंडियन सोशियोलाजिस्ट÷ नामक पत्रिका में और फिर कलकत्ता के युगान्तर में भी छपे। महाविद्यालयीन पढ़ाई के बाद वकालत पढ़ने लंदन चले गये। वहां संग्रहालय में वे विवरण भी पढ़े कि कैसे 1857 की क्रांति की शुरुआत हुई और कैसे अंग्रेजों ने उसका दमन किया गया। इन्हे पढ़ने के बाद सावरकर जी ने 10 मई, 1907 को लंदन के इंडिया हाउस में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयन्ती का आयोजन किया और अपने ओजस्वी भाषण में प्रमाणों सहित 1857 के संघर्ष को भारत का प्रथम संग्राम सिद्ध किया। इसके साथ उन्होंने एक पुस्तक भी लिख डाली। ÷द इण्डियन वॉर ऑफ़ इण्डिपेण्डेंस÷ नामक यह पुस्तक जून 1908 में तैयार हो गयी थी परन्तु इसके मुद्रण की समस्या सामने आयी। इसके लिये बहुत प्रयास हुए। अंततः यह पुस्तक हॉलैण्ड से प्रकाशित हुई और प्रतियाँ फ्रांस पहुँचायी गयी। पुस्तक में सावरकर ने 1857 के सिपाही विद्रोह को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ स्वतन्त्रता की पहली लड़ाई बताया। यह संसार की उन विरली पुस्तकों में से एक है जिस पर उसके प्रकाशन के पहले प्रतिबंध लगा।

मई 1909 में इन्होंने लन्दन से बार एट ला परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन उन्हें वकालत करने की अनुमति नहीं मिली। इसका कारण यह था कि सावरकर जी ने ब्रिटिश क्राउन के प्रति वफादारी की शपथ लेने से इनकार कर दिया था।

### इण्डिया हाउस की गतिविधियाँ

सावरकर ने लन्दन के लॉ कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद इण्डिया हाउस में रहना आरम्भ कर दिया था। इण्डिया हाउस उस समय राजनितिक गतिविधियों का केन्द्र बन गया था, जिसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चला रहे थे। वहां रहते हुए सावरकर जी के उन सभी लोगों से संपर्क बढ़ गये जो मन ही मन भारतीय स्वतंत्रता के पक्षधर रहे।

लन्दन में ही उनकी भेंट लाला हरदयाल से हुई। लालाजी उन दिनों इण्डिया हाउस की देखरेख करते थे। एक जुलाई 1909 को क्राँतिकारी मदनलाल ढींगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दी थी। इस घटना पर सावरकर जी ने लन्दन टाइम्स में एक लेख लिखा था। इस लेख के कारण उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ। 10 मई 1910 को पेरिस से लन्दन पहुँचने पर उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया परन्तु 8 जुलाई 1910 को एमएस मोरिया नामक जहाज से भारत ले जाते हुए सीवर होल के रास्ते वे भाग निकले। उन्होंने तैर कर इंग्लिश चैनल पार की किंतु गिरफ्तार कर लिये गये। 24 दिसम्बर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गयी। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। इस प्रकार सावरकर जी को दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी गयी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी घटना थी। पर सावरकर जी ने तो स्वयं को मातृ भूमि को अर्पित कर दिया था। इसलिये उन्होंने इन सजाओ को स्वीकार कर लिया। समय के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें भारत भेज दिया गया ।

नासिक जिले के कलेक्टर जैकसन की हत्या के लिए नासिक षडयंत्र काण्ड के अन्तर्गत इन्हें 7 अप्रैल, 1911 को काला पानी की सजा पर सेलुलर जेल भेज दिया गया। यहां स्वतंत्रता सेनानियों पर कड़े अत्याचार होते थे। कैदियों को यहां कोल्हू में बैल की तरह जुत कर सरसों व नारियल का तेल निकालना होता था। इसके अलावा उन्हें जेल के साथ लगे व बाहर के जंगलों को साफ कर दलदली भूमि व पहाड़ी क्षेत्र को समतल भी करना होता था। काम करते समय रुकने पर कड़ी सजा व बेंत व कोड़ों से पिटाई भी की जाती थीं।

# संदेशखाली: ममता की नफरत का प्रतीक

**प्रवीण गुगनानी**

बांग्ला की दो लोकोक्तियाँ हैं- थेलाई ना पोरले बेरल गाछे ओथे ना -अर्थात् आपकी समस्याओं से पार पाने हेतु आपको उस समस्या का सामना करना ही होगा। दूसरी बांग्ला कहावत है- किछुतेई किछु न फ़ेसतेई पोइसा- कुछ प्राप्त करने हेतु आलस्य छोड़कर कर्म करना ही होगा।आज की परिस्थिति में बंगाल में ममता व उनकी तृणमूल एक समस्या है और सोनार बांग्ला के बंधुओं को कुछ कर्म करके इन्हें सत्ता से बाहर का मार्ग दिखाना ही होगा। संदेशख़ाली, पश्चिम बंगाल में हाल ही के महिला यौन उत्पीड़न को लेकर जो समाचार आ रहे हैं उन सबके अतिरिक्त सच और भी है। सच यह है कि संदेशखाली के आसपास की चौदह में से आठ विस क्षेत्र अनुसूचित व जनजातीय वर्ग हेतु आरक्षित हैं। सच यह यह भी है कि इन चौदह संवेदनशील विधानसभाओं की सीमा बांग्लादेश से सटी हुई है। सच यह भी है कि यह मानव तस्करी अर्थात् ह्यूमन ट्रेफिकिंग के धंधे का गढ़ बना हुआ है। सच यह भी है कि तृणमूल ने भारत भर में रोहिंग्याओं, आतंकियों, घुसपैठियों, तस्करों को प्रवेश देने हेतु इस क्षेत्र को सुरक्षित द्वार बनाया हुआ है। संदेशखाली की इस घटना की



पृष्ठभूमि में यह संदेश भी है कि प. बंगाल किस प्रकार मानव तस्करी व हिंदू कन्याओं के अपहरण व उन्हें सीमापार पहुँचा देने का गढ़ बना हुआ है। हिंदू कन्याओं को पहले यौन उत्पीड़न के जाल में फंसाना और फिर वीडियो आदि के माध्यम से उन्हें ब्लैकमेल कर सीमा पार बेच देने में तृणमूल कार्यकर्ता लगे हुए हैं। हाल ही की घटना में ममता बनर्जी के प्रिय शेख़ शाहजहां की प्रत्यक्ष संलिप्तता इसका ज्वलंत व प्रामाणिक उदाहरण है। मुस्लिम तुष्टिकरण में कांग्रेस से होड़ लगाती हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ममता को शेख़ शाहजहां की जेब में रेहन रख छोड़ा है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते ममता बनर्जी से महिला तस्करी, उत्पीड़न, बलात्कार संबंधित मामलों में जो सक्रियता दिखनी चाहिये थी उसका सहस्त्रांश भी उनकी कार्यशैली में देखने को नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में आज महिलाएं सर्वाधिक असुरक्षित आभास कर रही हैं। एक सर्वे में यही बात देखने में आई है। 19 राज्यों के 18,267 परिवारों के मध्य कराये गये एक सर्वे में निष्कर्ष आया कि पश्चिम बंगाल के 72.9 फीसदी लोग बंगाल में असुरक्षित आभास करते हैं। सर्वे में लोगों ने कहा कि रात्रि में तो बंगाल घोर असुरक्षित हो जाता है।

इस भयंकर व बर्बर सांख्यिकी को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्रष्टक्रक्च) द्वारा दी गई सांख्यिकी पुष्ट-संपुष्ट करती है। महिलाओं के लापता होने की दृष्टि से भी पश्चिम बंगाल अव्वल बना हुआ है। दुखद तथ्य है कि, पश्चिम बंगाल से वर्ष 2016-17-18 में क्रमशः पच्चीस हज़ार, अट्ठाईस हजार व इकत्तीस हजार महिलाएं लापता हुई हैं। ये सांख्यिकी चीख-चीख कर हमारे सभ्य समाज से कुछ कह रही है! एक महिला मुख्यमंत्री का राज्य महिलाओं के विरुद्ध अनाचरण अपराध मामले में अव्वल बना हुआ है। एनसीआरबी के अनुसार, प.बंगाल में वर्ष 2020 में महिलाओं के विरुद्ध छत्तीस हजार मामले दर्ज हुए थे। डर, भय, दबाव, के कारण हजारों मामले समाज व पुलिस में दर्ज नहीं हो पाये उनकी गिनती भी भयंकर जान पड़ती है। गौ तस्करी, हिंदू कन्या तस्करी, लूटपाट, हत्या, फिरौती, अड़ीबाज़ी के इन अपराधों में लगभग सभी मुस्लिम अपराधी ही संलिप्त रहते हैं। पश्चिम बंगाल में अपराध व अपराधी दोनों सिर चढ़कर बोलते दिखाई पड़ते हैं। तुर्रा यह रहा कि संदेशख़ाली मामले के मुख्य आरोपी, ममता बनर्जी के खासमखास समर्थक शेख शाहजहां ने मामले की जांच करने हेतु बंगाल पहुंची ईडी की टीम पर ही प्राणघातक हमला करवा दिया। ममता के खास शेख शाहजहां का ईडी पर हमला इतना प्रहारक था कि कड़ी सुरक्षा के मध्य गई हुई ईडी की टीम को चोटिल व लहुलुहान होकर वापस लौटना पड़ा। सदा की तरह टीम ममता ईडी के जांच दल को घायल करके बिना जांच के वापस भेजने में सफल रही है।

# सन-सैंड-सी संग राष्ट्रवाद भी जुड़ा गोवा के साथ

**आर.के. सिन्हा**

गोवा अपनी छवि का विस्तार करने का संकल्प ले चुका है। उसकी चाहत है कि उसे उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा भी उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक ऐसी धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। चूंकि गोवा पर लम्बे समय तक पुर्तगाली शासन रहा है, तो इसका असर यहां पर अब भी गिरिजाघरों, घरों और दूसरी इमारतों के आर्किटेक्चर को देखकर समझ आने लगता है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया। पुर्तगालियों ने यहाँ की संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन यहाँ की मूल संस्कृति इतनी मजबूत थी कि धर्मांतरण के बाद भी वो मिट नहीं पाई। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री खुद कई बार यह कह चुके हैं कि गोवा को लेकर एक खास तरह की इमेज बना दी गई है। यह संत सोहिरोबनाथ आंबिये, आद्य नाटककार कृष्णभट्ट बांदकर, सुरश्री केसरबाई केरकर, आचार्य धर्मानंद कोसंबी और पद्म विभूषण रघुनाथ माशेलकर जैसी विभूतियों की धरती है। गोवा का जुझारूपन, संघर्ष इतिहास की किताबों में भी परिलक्षित होता है। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। जिसकी वजह से यह कहा जाए कि सबसे बड़ा कन्वर्जन गोवा में हुआ तो गलत नहीं होगा। इतना सबकुछ होने के बावजूद गोवा वह राज्य है जिसने मंदिरों का पुनर्निमाण कराया। 16वीं शताब्दी में जो



मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी जी ने बनवाया था। प्रमोद सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर को भी री-डवलप करने का बीड़ा उठाया है। आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की यह कवायद गोवा की सूर्य, रेत और समुद्र या 'सन, सेंड और सी' की पहचान को नया आयाम देने वाली साबित होगी। गोवा के लोग सरकार के इस कदम से कितने उत्साहित हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्थानीय निवासी खुद मंदिरों की प्रतिष्ठा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए एक कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पुर्तगालियों के 450 साल के शासन में गोवा में लगभग 900 से अधिक मंदिर तोड़े गए। आध्यात्मिकता की राह पर आगे बढ़ता गोवा आज विकास के विभिन्न पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। स्वयंपूर्ण गोवा मिशन जमीनी स्तर पर जन सामान्य को सशक्त कर रहा है। जन सशक्तता के लिहाज से प्रमोद सावंत ने अपने पहले कार्यकाल में ही कई योजनाएं शुरू कर दी थी, जिसमें से स्वयंपूर्ण गोवा मिसाल है। प्रमोद सावंत ने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रिसिटी फॉर आल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर आल, हेल्थ फॉर आल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर आल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। गोवा सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इतना ही नहीं भारतवर्ष में गोवा पहला राज्य है, जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए एक नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू हो गई है। गोवा अब किरोसिन मुक्त राज्य है। गोवा, शत- प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला भी देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं बल्कि 13 हैं, जिन्हें लागू करने में गोवा अग्रणी है। कभी दूध से लेकर कृषि उत्पादों तक के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहने वाला गोवा आज आत्मनिर्भरता की राह पर सतत आगे बढ़ रहा है।

# सदेशखाली प्रकरणः तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल

**आशीष वशिष्ठ**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चर्चाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेशखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदार लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, 'जो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है।'




राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चन लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली, मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वटवृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की। वास्तव में, अल्पसंख्यकवाद और मुस्लिम तुष्टिकरण ही भारत के छद्म धर्म (पंथ) निरपेक्षतावाद की मूल धुरी है। इस देश के मुसलमानों का खुश रहना नहीं, उन्हें खुश रखने के लिए हरसंभव प्रयत्न का नाम है सेक्युलिरिटी। जैसे गरीबी हटाने का नारा जीवित रखने के लिए गरीब बनाकर रखना एक राजनीतिक आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार से इस देश के मुसलमानों को अपनी पूजा पद्धति रोजा-नमाज और मस्जिद सहित यहां की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा न बनने देकर उसके समानांतर एक मुस्लिम मजहबी धारा बनाकर रखना भी वोट राजनीति की जरूरत है। वोट राजनीति की इस विवशता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र, कर्नाटक, बंगाल पर दारोमदार

**हरिशंकर व्यास**

भाजपा के 370 सीटों के लक्ष्य के लिहाज से सबसे बड़ा खड्डा महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में हो सकता है। इन तीन राज्यों में लोकसभा की 128 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने पिछली बार 76 सीटें जीती थीं। उसकी तब की सहयोगी शिव सेना और कर्नाटक की निर्दलीय उम्मीदवार सुमनलता अंबरीश को जोड़ें तो एनडीए की सीटें 95 हो जाती हैं। इस बार शिव सेना साथ नहीं है तो उसकी भरपाई के लिए भाजपा ने शिव सेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया है तो एनसीपी तोडने वाले अजित पवार को उप मुख्यमंत्री बनाया है। इसके बावजूद भाजपा बहुत भरोसे में नहीं है।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन और उसके विरोध में ओबीसी समूहों की गोलबंदी ने भाजपा की योजना में फच्चर डाला है। उसको लग रहा है कि शिव सेना का ज्यादातर वोट उद्धव ठाकरे के साथ है तो मराठा वोट शरद पवार के साथ। यही कारण है कि बार बार हो रहे चुनाव पूर्व सर्वक्षणों में महाविकास अघाड़ी यानी कांग्रेस, शरद पवार और उद्धव ठाकरे गुट को ज्यादा सीटें मिलती दिख रही हैं। भाजपा की अपनी सीटों में भी नुकसान हो सकता है। पिछली बार भाजपा और शिव सेना को 51 फीसदी वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस और एनसीपी को 32 फीसदी यानी 19 फीसद वोट का अंतर था। लेकिन इस बार शिव सेना व एनसीपी का वोट बंटा हुआ है। पिछली बार कम से कम आठ सीटें ऐसी थीं, जहां भाजपा और शिव सेना को एक लाख से कम वोट से जीत मिली थी।

इस बार कांग्रेस, उद्धव ठाकरे, शरद पवार ने गठबंधन के साथ प्रकाश अंबेडकर और राजू शेट्टी को भी जोड़ा है। अगर उद्धव ठाकरे शिव सेना को मिले वोट में से आधा भी हासिल कर लेते हैं तो मुकाबला बराबर का हो जाएगा। पिछली बार उनको साढ़े 23 फीसदी वोट मिला था। अगर 12 फीसदी वोट उनके साथ रहे और एनसीपी को मिले 16 फीसदी में से आठ फीसदी भाजपा के पास जाए तो भाजपा के चार फीसदी वोट कम हो जाएंगे। इससे कम अंतर वाली सीटों पर नजदीकी मुकाबला होगा।

उधर कर्नाटक में पिछली बार भाजपा ने विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया था। उसे 28 में 25 सीटें मिली थीं और एक सीट पर उसके समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार जीती थी। दूसरी ओर कांग्रेस और जेडीएस को एक एक सीट मिली थी। पिछली बार भाजपा को 51 फीसदी और कांग्रेस व जेडीएस को 42 फीसदी वोट मिला था। लेकिन पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अकेले 43 फीसदी वोट हासिल किया और भाजपा 36 फीसदी वोट ही ले सकी। तभी भाजपा ने एचडी देवगौड़ा की पार्टी जेडीएस से तालमेल किया है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

## संक्षिप्त समाचार

### घर से किशोरी लापता, युवक पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी शुक्रवार की देर रात घर से लापता हो गई काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कही पता नहीं चलने पर किशोरी के पिता ने बगल के गांव के युवक के विरुद्ध किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का शनिवार कि देर शाम मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात लगभग एक बजे के आसपास 17 वर्षीय बेटी को विपक्षी इंद्रवार गांव निवासी लाला मिश्र द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया उस दिन मैं अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदार के यंहा शादी समारोह में गया था युवक काफी समय से मेरे घर आता जाता था युवक गांव के एक व्यक्ति के यहां बाइक खड़ी किया था और वही से बेटी को बाइक पर बैठाकर गया था इसकी जानकारी खोजबीन के बाद पता चला है जिस पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है जल्द ही किशोरी व युवक को गिरफ्तार किया जायेगा।

### लाज-लज्जा बचाने के लिए महिला ने आईजीआरएस के माध्यम से लगाई न्याय की गुहार

**सुलतानपुर।** अपनी लाज लज्जा बचाने व दबंगों के कहर से परेशान लंभुआ थानाक्षेत्र की एक महिला आईजीआरएस के माध्यम से पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल महिला का आरोप है कि 15 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार के घर जोकि लंभुआ थानाक्षेत्र के घाटमपुर में स्थित है वहां से शाम को लगभग 7 बजे के करीब अपने घर लंभुआ के विवेकनगर मोहल्ले में जा रही थी कि रास्ते में सुनसान इलाके में गांव के ही राजेश सुत रामआसरे और एक अज्ञात व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांध कर घात लगा कर बैठे थे। जैसे ही महिला वहां पहुंची तो उक्त दोनों लोगो ने महिला को पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा महिला ने जब इसका विरोध करना चाहा तो दोनो ने जान से मारने की धमकी दी। महिला ने किसी तरह दोनो युवकों के चंगुल से अपने आप को बचाया। महिला ने बताया कि कुछ महीने पहले भी राजेश ने ऐसी हरकत की थी जिसकी शिकायत उसने थाने पर किया था पर वहां जोर दबाव डाल कर सुलह करा लिया गया। राजेश दबंग टाइप का व्यक्ति है इसलिए महिला डर के मारे थाने तक नहीं गई। महिला को डर है कि उसने राजेश के खिलाफ मामला दर्ज कराया तो उक्त दबंग व्यक्ति महिला और उसके परिवार के साथ कुछ भी कर सकता है। इसलिए पीड़ित महिला ने न्याय के लिए आईजीआरएस का सहारा लिया अपने प्रार्थना पत्र में महिला ने पुलिस प्रशासन से इंसाफ की मांग की है और दोषी को कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### वारंटी गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवई कला गांव से रविवार की सुबह पुलिस ने न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।हल्का प्रभारी एसआई बाली मौर्य मय हमराह कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी मवई कला गांव निवासी रामदयाल विश्वकर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में हाजिर कर दिया है। रामदयाल किसी मामले में काफी दिनों से हाजिर नहीं हो रहा था जिस पर न्यायालय ने वारंट जारी कर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर करने के लिए पुलिस को निर्देश दिया जिस पर पुलिस ने न्यायालय के अनुपालन में वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

### सहकारी समितियों के आंकड़े होंगे आनलाइन

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में संचालित साधन सहकारी समितियों के आंकड़े आनलाइन होंगे जिसके लिए साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया, सिकटा महुगढ,बबुरा कला, बरौंधा समितियों में कम्प्यूटराईजेशन का कार्य शुरू हो गया है। सहकारी समिति बरौंधा में आंकड़े आनलाइन के लिए कम्प्यूटर सिस्टम लग गया है जबकि सहकारी समिति भटवारी दिघिया व महुगढ सिकटा, बबुरा कला सहकारी समिति के लिए कंप्यूटर सिस्टम आ गया है कंप्यूटर सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है। इससे इन समितियों के आंकड़े आनलाइन हो जायेंगे जिससे सभी तरह के लेन देन में पारदर्शिता आयेगी।अभी तक इन समितियों पर लिखा पढ़ी का काम रजिस्टर पर ही होता था।बी पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना के तहत कंप्यूटरीकृत हो जाने के बाद समितियां सीधे जिला सहकारी बैंक से जुड़ जायेंगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि समितियों में गबन नहीं हो सकेगा। इसके लिए स्टाफ को कंप्यूटर चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। समितियों में कंप्यूटर डेस्कटॉप प्रिंटर, साफ्टवेयर व आवश्यक फर्नीचर के लिए फंडिंग कर रहा है। इस संबंध में एडीओ सहकारिता धर्मेंद्र निषाद ने बताया कि सहकारी समितियों के आंकड़े आनलाइन होने से लेन देन में पारदर्शिता आयेगी जिससे किसी भी प्रकार का गबन नहीं हो सकेगा साथ ही किसानों को खाद समय से मिल सकेगी।

### महिला ने युवक पर अश्लील हरकत का लगाया आरोप, दी तहरीर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने थाने में रविवार को तहरीर देकर युवक पर अश्लील हरकत कर शारिरिक संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए तहरीर कार्रवाई करने की मांग किया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव निवासी युवक द्वारा एक महीने से गाली देता है वीडियो काल पर और गाली गलौज देता है और कहता है कि हमसे शारिरिक संबंध करलो बहुत मजा आयेगा पहले मैं समझ नहीं सकी कि कौन युवक है पता करने पर युवक दो युवकों के माध्यम से सुलह समझौता के लिए मुझे बुलाकर मारने पीटने लगे गाली गलौज देते हुए जाति शूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए कहा कि किसी से बताओगी तो जान से मार देंगे जिस पर पीड़ित विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि विवाहिता द्वारा तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### आधा दर्जन थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र बदले

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने बीती रात आधा दर्जन से अधिक थानेदारो का तबादला करते हुए उनके कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है। सभी को तत्काल प्रभाव से नये तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। थाना सुजानगंज से रोहित मिश्रा को थानाध्यक्ष बदलापुर, वाचक पुलिस अधीक्षक महेश पाल को थानाध्यक्ष सुजानगंज, प्रभारी निरीक्षक बदलापुर अवशेष नाथ को प्राभरी निरीक्षक मछलीशहर, घनानंद त्रिपाठी को शिकायत प्रकोष्ठ से वाचक पुलिस अधीक्षक, चन्दन राय को गौराबादशाहपुर से चन्दवक, बृजेश कुमार गुप्ता को आईजीआरएस सेल से थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर, महेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष चंदवक से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, यजुवेंद्र कुमार सिंह को मछलीशहर से प्रभारी आईजीआरएस सेल में नयी तैनाती दी गई है। सभी को नयी तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करा दिया गया है।

### अपहरण के आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के मड़ियाहूँ थाने की पुलिस ने अपहरण करने के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18हजार रुपया बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे मड़ियाहू के प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में धारा 120बी/366/ 342/323/34 भा0द0वि थाना मडियाहूँ से संबंधित अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद पटेल उर्फ भोला पुत्र स्व. कल्लन पटेल निवासी रामपुर निस्फी थाना मडियाहू , राजू सिंह पटेल पुत्र स्व. रामबली पटेल निवासी धनेथुआ चुप्पेपुर थाना नेवढिया , कमलेश पटेल पुत्र संकठा प्रसाद निवासी धनेथुआ चुप्पेपुर थाना नेवढिया , चन्द्रेश कुमार पटेल उर्फ डाक्टर पुत्र छोटेलाल निवासी रसुलहा थाना नेवढिया को मुखबिर की सूचना पर गौशाला तिराहे के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनकी तलाशी से कुल 18हजार रुपये नगद बरामद किया गया।

### रिश्वत लेते लेखपाल सहित दो गिरफ्तार

जौनपुर। वाराणसी की एंटी करप्शन टीम से पीड़ित ने शिकायत किया कि लेखपाल उनसे जमीन पैमाइश के लिए घूस मांग रहा है। टीम ने लेखपाल सहित उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया। जिले के नेवढ़िया थाना परिसर के सामने पचास मीटर दूरी पर वाराणसी एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को धर्मेंद्र तिवारी निवासी तिवरान की शिकायत के आधार पर लेखपाल और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक मैनेजर सिंह ने बताया कि लेखपाल स्वदेश पांडेय (30) राजस्व लेखपाल तहसील मड़ियाहूं व उसका सहयोगी जितेंद्र बहादुर (24) वर्ष को दस हजार रुपया घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी द्वारा शिकायत कर्ता से उसके पिता द्वारा तहसील दिवस में दिये गये प्रार्थना पत्र की कार्रवाई में नाप करके आख्या देने की एवज में दस हजार रिश्वत की मांग की गई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में नीरज कुमार सिंह, राकेश बहादुर सिंह, योगेंद्र कुमार, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### बच्चों को बेहतर षिक्षा प्रदान करें षिक्षक

**जौनपुर।** ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल स्कूल सखवट सुजानगंज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 श्री प्रकाश शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि देश के भविष्य की जिम्मेदारी बच्चों पर ही होती है, इसलिए छोटी उम्र में ही बच्चो को शिक्षा के साथ-साथ समाज से जुड़ी बातों का भी ज्ञान कराया जाना चाहिए, जो ज्ञान एवं शिक्षा बचपन में बच्चे सीख लेते हैं वे सारे गुण जीवन भर याद रखते है। बच्चों में प्रतिभाओ की कमी नहीं होती है, पर उन्हें लोगों के बीच में लाने की जरूरत होती है ।

# नदी और तालाबों पर चलाया सफाई अभियान

जौनपुर। सतगुरु माता सुदीक्षाएवं निरंकारी राजपिता रमित की पावन छत्रछाया में 'अमृत प्रोजेक्ट' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का शुभारम्भ यमुना नदी के छठ घाट, आई. टी. ओ, दिल्ली से किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत जनपद जौनपुर में भी गोमती नदी के तट गोपी घाट एवं हनुमान घाट के साथ-साथ जिले के 43 ब्रांचो के 27 अलग-अलग जगह नदी, घाट, तालाब, पोखरों पर महात्मा श्यामलाल साहू के नेतृत्व में व सेवा दल के क्षेत्रीय संचालक अमरनाथ विश्वकर्मा व राजेश प्रजापति क्षेत्रीय संचालक शाहगंज के साथ- साथ जिले भर में सैकड़ो की संख्या में सेवा दल के कार्यकर्ता व संगत के लोग इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर सफाई का कार्य किया'प्रोजेक्ट अमृत' के दूसरे चरण का आरम्भ करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बाबा



हरदेव सिंह ने अपने जीवन से हमें यही प्रेरणा दी कि सेवा की भावना निष्काम रूप में होनी चाहिए न की किसी प्रसंशा की चाह में। हमें सेवा करते हुए उसके प्रदर्शन का शोर करने की बजाय उसकी मूल भावना पर केन्द्रित रहना चाहिए। हमारा प्रयास स्वयं को बदलने का होना चाहिए क्योंकि हमारे आंतरिक बदलाव से ही समाज एवं दुनियां में परिवर्तन आ सकता है। एक स्वच्छ और निर्मल मन से ही सात्विक परिवर्तन का आरम्भ होता है। सतगुरु माता ने कहा कि जीवन में जल का बहुत महत्व है और यह अमृत समान है। जल हमारे जीवन का मूल आधार है। परमात्मा ने हमें यह जो स्वच्छ एवं सुंदर सृष्टि दी है, इसकी देखभाल करना हमारा कर्त्तव्य है। मानव रूप में हमने ही इस अमूल्य धरोहर का दुरुपयोग करते हुए इसे प्रदूषित किया है। हमें प्रकृति को उसके मूल स्वरूप में रखते हुए उसकी स्वच्छता करनी होगी। हमें अपने कर्मो से सभी को प्रेरित करना है न कि केवल शब्दों से। कण -कण में व्याप्त परमात्मा से जब हमारा नाता जुड़ता है और जब हम इसका आधार लेते है तब हम इसकी रचना के हर स्वरूप से प्रेम करने लगते है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि जब हम इस संसार से जाये तो इस धरा को और अधिक सुंदर रूप में छोड़कर जाये।

## 'खाना, गाना और फंगामा एपिसोड में छा गए ज़ी टीवी के सितारे

**वाराणसी ।** अपनी दिलचस्प कहानियों और दमदार किरदारों के साथ दर्शकों के दिलों में जगह बनाने और पूरे साल उनका मनोरंजन करने के बाद ज़ी टीवी एक बार फिर अपने सालाना जलसे ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के साथ दर्शकों के दिलों में उतर जाने के लिए तैयार है। साल दर साल इस भव्य समारोह में एक्टर्स, डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स, क्रिएटिव टीम्स और टेक्नीशियन्स के बेहतरीन काम को सम्मानित करके उन गहरे रिश्तों का जश्न मनाया जाता रहा है, जो दर्शकों और उनके पसंदीदा टीवी किरदारों के बीच बन गया है। चूंकि होली का त्यौहार भी करीब है, तो ऐसे में परिवारों के साथ होली मनाने के लिए ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स से बेहतर मंच और क्या हो सकता है? तो आप भी रंगों के गुबार से सराबोर होने के लिए तैयार हो जाइए जहां ज़ी कुटुंब शानदार परफॉर्मेंस, दिलचस्प नोक-झोंक और हल्के-फुल्के हंसी-मजाक से भरी एक शानदार शाम के साथ पारिवारिक रिश्तों का जश्न मनाने के लिए एक साथ आ रहा है क्योंकि - बुरा ना मानो फैमिली है!ज़ी टीवी ने हाल ही में 'खाना, गाना और फंगामा' नाम के एक मजेदार एपिसोड को होस्ट करके ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के सालाना जलसे की शुरुआत की। और हमें कहना पड़ेगा कि इसमें सितारों से सजा एक शानदार माहौल था!

## काशी क्षेत्र में 21 मंडल प्रभारी बनाए गए

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के संस्तुति पर भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने जनपद के सभी 21 मण्डल प्रभारियों की घोषणा कर दी है।

रेनुकुट के प्रभारी अनिल सिंह गौतम, अनपरा के प्रभारी सुरेन्द्र अग्रहरी, चोपन के प्रभारी अशोक कुमार मौर्या, ओबरा के प्रभारी संतोष शुक्ला, शाहगंज के प्रभारी विनोद पटेल, गौरीशंकर के प्रभारी राजेश अग्रहरी, घोरावल के प्रभारी सुनिल सिंह, शिवद्वारा के प्रभारी कृष्णमुरारी गुप्ता करमा के प्रभारी यादवेन्द्र द्विवेदी, मधुपुर के प्रभारी दयाशंकर पाण्डेय विण्ढमगंज के प्रभारी राज वर्मा, दुद्धी के प्रभारी रामसुन्दर निषाद बभनी के प्रभारी शारदा खरवार म्योरपुर के प्रभारी सुभाष पाल शक्तिनगर के प्रभारी बीएन गुप्ता कोन के प्रभारी कमलेश चौबे डाला के प्रभारी जीत सिंह खरवार चतरा के प्रभारी नार सिंह पटेल चुर्क के प्रभारी संतोष बैसवार राबर्ट्सगंज नगर के प्रभारी परशुराम केशरी नगवां के प्रभारी सुरेश शुक्ला को मण्डल का प्रभारी बनाया गया ।

## सदर विधायक ने शमशान घाट मानिकपुर बाईपास मार्ग का शुभारंभ

**इटावा।** पढ़राया हनुमान जी मंदिर भक्तों की सुविधा के लिए श्मशान घाट मानिकपुर बाईपास मार्ग का शुभारंभ कर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप दुबे स्मृति मार्ग नाम रखा गया। मार्ग लोकार्पण के अवसर पर हनुमान जी के भक्तों के साथ-साथ करणपुरा की क्षेत्रीय जनता के द्वारा सदर विधायक सरिता भदोरिया का फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि नगर में शमशान घाट और मानिकपुर बाईपास तक के मार्ग के निर्माण की जनता की मांग बहुत दिनों से




थी,इसी के अनुरूप स्व.श्रद्धेय प्रदीप दुबे जी की स्मृति में शमशान से पडराये मंदिर होते हुए मानिकपुर बाईपास तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।इस मार्ग से अब जनता को मानिकपुर मोड़ होकर चक्कर लगाकर जाने की आवश्यकता नहीं है यहां से सीधे बाईपास पर जा सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य किसान मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया युवा मोर्चा के महामंत्री सागर दुबे किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान विधायक मीडिया प्रभारी ओम रतन कश्यप व्यापारी नेता विनीत कुमार पांडे पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन हैप्पी पुराना शहर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता नगर कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा नगर मंत्री चंदन पोरवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### परसोना बूथ पर सुनी गई मनकी बात

सोनभद्र। रविवार को प्रधानमंत्री की मन की बात सोनभद्र के ग्राम सभा परसोना बूथ संख्या 78 पर मन की बात सदर ब्लाक प्रमुख व काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत के नेतृत्व में सुनी गई जिसमें प्रधानमंत्री ने रेडियो पर मन की बात को संबोधन करते हुए कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं हैए जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। कार्यक्रम मन की बात के 110 वें संस्करण प्रसारण को बूथ अध्यक्ष जय प्रकाश शक्ति केंद्र संयोजक ओम प्रकाश प्रधान, प्रतिनिधि मार्कंडेय सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि फेकाई सिंह एके साथ कार्यकर्ता पदाधिकारी जनता जनार्दन के साथ सुना।

## सेवादारों और भक्तों ने धोपाप धाम पर चलाया स्वच्छता अभियान

**सुल्तानपुर।** लंभुआ में निरंकारी मिशन के सेवादार एवं भक्तों ने धोपाप धाम और गोमती नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया। यहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। जितेंद्र कुमार ने बताया कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह का संदेश था कि प्रदूषण बाहर का हो या अंदर का, दोनों ही हानिकारक है। इस संदेश के तहत निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज ने वर्ष 2003 में विश्व व्यापी सफाई अभियान की शुरुआत करवाई थी। आज इस अभियान को आगे बढ़ते हुए निरंकारी मिशन की वर्तमान गुरु सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से पूरे देश में सार्वजनिक स्थल एवं अस्पतालों व पार्कों में यह सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज संत निरंकारी मिशन शाखा लम्भुआ, बरुआ दक्षिणी, बेथरा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत धोपाप धाम



पर स्थित मंदिर परिसर एवं गोमती नदी के किनारे बने घाटों की साफ-सफाई करके भारत को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर निरंकारी मिशन के मुखी रामसेवक मौर्य, फूलचंद, सुनीत श्रीवास्तव, सेवादल के इंचार्ज श्यामदेव, हरिप्रसाद, राजकुमार महिलाओं के इंचार्ज वंदना, प्रीति, अनीता एवं शिक्षक मुंशीलाल, अंकित सरोज, शैलेंद्र एवं सेवादल के सभाजीत, जितेंद्र कुमार पत्रकार, नरेंद्र, सरोजा, शिल्पा, सुमन माला निर्मला, सुरेश, गुरुदीन, ज्ञान प्रकाश संत प्रकाश अनुज कुमार एडवोकेट अरविंद, आदि सैकड़ो की संख्या में निरंकारी सेवादल के संत महात्मा सफाई अभियान में मौजूद रहे।

### पर्यटन विकास के के लिए एमओयू साइन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में रविवार को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की उपस्थिति में बीजपुर के साथ खंता पिकनिक स्पॉट के पर्यटन विकास कार्य हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर।किया गया। खंता पिकनिक स्पाट निर्माणाधीन म्योरपुर हवाई अड्डा के पास स्थित है जो आने वाले समय में पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इस मौके एसएस प्रधान जीएम एडीएम एनटीपीसी रिहन्द प्रदीप कुमार डीजीएम एनटीपीसी रिहन्द नरगिस अंसारी एक्जीक्यिटिव सीएसआर एनटीपीसी रिहन्द हरिशंकर गुप्ता यूपी पीसीएल प्रोजेक्ट मैनेजर यूनिट 16 मिर्जापुर बीके राही यूपीपीसीएल प्रोजेक्ट मैनेजर यूनिट 16 मिर्जापुर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पर्यटन अधिकारी बृजेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहें।

## परशुराम सेवा समिति की बैठक संपन्न,कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जायेगा : डॉ.सुशील सम्राट

**इकदिल,इटावा।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र.की एक आवश्यक बैठक समिति के प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित के आवास पर ग्राम सराय जलाल (इकदिल) में संपन्न हुयी।बैठक की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने की तथा संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि परशुराम सेवा समिति संस्कारशाला का आयोजन करेगी।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सम्राट ने कहा कि समिति की प्रदेश,जिला व नगर कमेटियों का शीघ्र ही पुनर्गठन किया जायेगा।निष्क्रिय पदाधिकारियों को पद मुक्त करके सक्रिय पदाधिकारियों को जोड़ा जायेगा।इसके




अलावा परशुराम जन्मोत्सव, सामाजिक कार्य, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, वृक्षारोपण कराना आदि आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी द्य बैठक में प्रमुख रूप से मेजर पांडेय, बृजेश मिश्रा (लल्ला मिश्रा), प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित, जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष अनुभव पांडेय, शशांक भारद्वाज, शुभम प्रकाश दीक्षित, प्रशांत दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## जेल वाले सैयद बाबा का सालाना उर्स 27 व 28 फरवरी को

**इटावा।** स्व.बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का सालाना 52 वां उर्स मुबारक इस वर्ष भी 27 व 28 फरवरी दिन मंगल व बुधवार को पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।उर्स की तैयारियां जोरशोर से चल रहीं है।दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में आयोजित होगा।उर्स में सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, अल्ताफ हसन कव्वाल झांसी, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद महफिले समां में कलाम पेश करेंगे। दरगाह कमेटी की तरफ से गागर व चादर पेश की जाएंगी। उर्स के लिए दरगाह को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। उर्स के दौरान लंगर की भी व्यवस्था रहेगी। उर्स में इटावा सहित बाहरी जनपदों के श्रद्धालु भाग लेंगे। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर ने जनपद वासियों और श्रद्धालुओं से उर्स में भाग लेने की अपील की है।

## जन आरोग्य मेले में 342का हुआ ईलाज

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया व नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा व नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज व नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में रविवार को आयोजित आयुष्मान भव सभा व मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले कुल 342 मरीजों का चिकित्सक ने उपचार के बाद निरू शुल्क दवा वितरित किया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित आयुष्मान भव सभा में चिकित्सक विवेक खरे व रीना पटेल के देखरेख में कुल 142मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया है जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित आयुष्मान भव सभा व मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का




आयोजन चिकित्सक हर्षवर्धन की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 67मरीजों का उपचार किया गया है इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में आयोजित आयुष्मान भव सभा व मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन चिकित्साधिकारी डाक्टर बालकृष्ण मिश्र की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 71मरीजों का उपचार किया गया है इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में आयोजित आयुष्मान भव सभा व मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्साधिकारी डाक्टर कामेश्वर तिवारी के देखरेख में कुल 62मरीजों का उपचार कर मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला व आयुष्मान भव सभा में चिकित्सक ने मरीजों का उपचार किया है।इस दौरान बीसीपीएम अनिल कुमार,चीफ फार्मासिस्ट अजय कुमार,एलटी अखिलेश तिवारी,किशोर कुमार, मनोज कुमार ,संतोष कुमार, मायावती आदि मौजूद रहे।

### रब से है दुआ' के एक्टर धीरज धूपर सुधार रहे हैं अपनी उर्दू

वाराणसी । ज़ी टीवी के शो 'रब से है दुआ' ने अपनी एक अलग कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है, जहां एक औरत अपने शौहर की दूसरी शादी करने की मांग पर सवाल उठाती है। हालांकि अब 21 फरवरी से इस शो में 22 साल का बड़ा लीप आएगा, जहां यह शो अब दुआ की बेटियों - इबादत (हैदर और गज़ल की बेटी) और मन्नत (हैदर और दुआ की बेटी) का सफर दिखाएगा, जो आपस में सौतेली बहनें हैं। दोनों बहनें उस कानून के गलत इस्तेमाल के खिलाफ हैं, जो मर्दों को एक से ज्यादा शादी करने की इजाजत देता है। इस नए अध्याय में पॉपुलर एक्टर धीरज धूपर, येशा रुघानी और सीरत कपूर क्रमशः सुभान, इबादत और मन्नत के रोल में नजर आएंगे।

### हफिज शाह बने अध्यक्ष, शपथ ग्रहण समारोह

**जौनपुर ।** नगर एक कॉलेज हाल में सद्भावना क्लब का 29वां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधा सागर सोनकर सदस्य विधान परिषद ने नवचयनित अध्यक्ष हफीज शाह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। तत्पश्चात हफीज शाह ने अपनी कार्यकारिणी को शपथ दिलायी। इसके पहले निवर्तमान अध्यक्ष ने किये गये कार्यों के लिये सदस्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य ने कहा कि सद्भावना क्लब एक सामाजिक संस्था है। इसके सभी सदस्य देश की प्रगति में अपना अहम योगदान देते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ0 क्षीतिज शर्मा ने कहा कि सद्भावना सेवा कार्यो व प्रशिक्षण के माध्यम से अलग पहचान बनाये हुए है। विशिष्ट अतिथि नजमुल हसन नजमी ने कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि वह वर्ष को यादगार बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करे।

## पसमांदा समाज के 127 लोगों के साथ थामा भाजपा का दामन

**सुल्तानपुर।** सपा से निष्कासित पूर्व जिला उपाध्यक्ष अफ़जाल अंसारी ने साइकिल से उतरकर कमल खिलाने का ऐलान कर दिया है। पसमांदा समाज से जुड़े 27 पदाधिकरियों समेत कुल 127 लोगों के साथ भगवा परचम थाम लिया है। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी पर पसमांदा समाज की राजनैतिक व शैक्षिक हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा मुलायम सिंह यादव और इस समय की समाजवादी पार्टी में जमीन आसमान का फर्क है। इस समय की समाजवादी पार्टी अपने लीक, अपने मुद्दे और एजेंडे से हट गई है। समाजवादी पार्टी में मुस्लिम समाज के योगदान के साथ-साथ उनका सम्मान भी था। इस समय मुस्लिम समाज 99 प्रतिशत वोट देता है, खासकर पसमांदा समाज जो 65 बिरादरी हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी में इनकी सामाजिक आर्थिक शैक्षिक व



राजनैतिक हत्या करने की पूरी साजिश रची जा रही है। जिले में 51 लोगों का जिला संगठन बना जिसमें 5 मुस्लिम हैं, लेकिन एक भी पसमांदा समाज के पदाधिकारी नहीं रखे गए हैं। उन्होंने कहा इसलिए हमने 127 लोगों के साथ जिसमें 27 पदाधिकारी थे भाजपा ज्वाइन किया। 99 प्रतिशत वोट समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम समाज का लिया लेकिन कुछ नहीं किया, भारतीय जनता पार्टी में न के बराबर मुस्लिम समाज का वोट जाता है इसके बाद भी पीएम मोदी ने लाखों लोगों के बीच पसमांदा समाज के लिए आवाज उठाई। मोदी और योगी दबे कुचले मुस्लिमों को सहारा दे रहे उनके हक इंसाफ की बात कर रहे हैं। मुस्लिम समाज एक बार नहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को वोट दे चुका है और मुस्लिम समाज अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने ये भी कहा हमारे मजहब में लिखा है जो आपका साथ दे आप उसका साथ दें। जो सरकार बैठी है उसमें मुस्लिम समाज का कोई व्यक्तिगत नुकसान नहीं हुआ है जबकि समाजवादी सरकार में मुजफ्फरनगर में मुस्लिमों का खुलेआम कत्ले आम किया गया। दंगे के नाम पर हजारों निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया था।


## जनता समस्याओं के निसतारण के लिए पूर्व विधायक सक्रिय

**मिर्जापुर।** प्रदेश में 2024 में लोकसभा चुनाव होने वाले है। हालांकि समाजवादी पार्टी चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार कर रही है। वहीं पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए दावा ठोक दिया है। श्री पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दरबार में अपनी हाजिरी भी लगा दी है।

दरअसल पूर्व विधायकजगतम्बा सिंह पटेल काम में विश्वास रखते है। देखा जाय तो ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में सबसे ज्यादा किसी ने काम किया है तो वह चुनार के पूर्व विधायकजगतम्बा सिंह पटेल है। उन्होने अपने विधायक के कार्यकालमें गॉवों की सम्पर्क मार्गो का निर्माण कराकर ग्रामीणों की तकदीर बदली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सूबे के मुखिया अखिलेश यादव भी मानते है कि अगर सड़के सही हो तो विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो जाता है। विकसित गॉव, जिला अथवा प्रदेश या फिर देश की यही पहचान है। इसलिए पूर्व विधायक ने अपना सारा ध्यान ग्रामीण सड़कों पर केन्द्रित कर दिया था। उनके इसी रणनीति का नतीजा है कि लोकसभा चुनाव लड़ाने के लिए जनपद की जनता उनका गुणगान गा रही है। यही नहीं पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल ने जनपद की जनता के कामों के प्रति सदैव तत्पर रहते है। आने वाले फरियादियों की फरियाद को गंभीरता से सुनते है और उसका निस्तारण भी त्वरित करवा देते है। यहीं नहीं पूर्व विधायक जी जनता के कामो के लिए अधिकारियों को दांतो को भी खट्टे कर देते है। क्योंकि उन्हें हीलाहवाली बर्दाश्त नही है। जनता का कहना है कि पूर्व विधायकजगतम्बा सिंह पटेल को अगर समाजवादी पार्टी ने लोकसभा का टिकट दिया तो जीत सुनिश्चत है।

## मोदी के मिशन व लक्ष्य हमारे हथियार: गोपाल

**इटावा।** लोकसभा चुनाव में भरथना विधानसभा पर बड़े मतों से विजय प्राप्त करने के लिए विधानसभा संचालन समिति की प्रथम बैठक बकेवर के राधे उत्सव गार्डन पर सम्पन्न हुयी।



बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने करते हुए कहा कि भर्थना विधानसभा के परिणाम आप सभी के कठिन परिश्रम के बलबूते ही लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।विधानसभा के संयोजक गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि संचालन समिति की बैठक युद्ध मैदान में विजय श्री प्राप्त करने के लिए महारथी के रूप में मौजूद हैं।मोदी के मिशन व लक्ष्य हमारे हथियार हैं योगी जी की कानून व्यवस्था हमारी शक्ति है!अतः यह संचालन समिति बड़े अंतर से 201 विधानसभा के अंदर जीत के संकल्प को दृढ़ता से हासिल करेगी।

विधानसभा प्रभारी राम लखन औदिच्चय ने भी कहा कि हम सब अपनी कार्य कुशलता से लोकसभा के अंदर प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे।संचालन समिति का संचालन शिवाकांत चौधरी ने किया।इस अवसर पर हरनाथ सिंह कुशवाह, ममता कुशवाहा, प्रभाकर गुप्ता, अवधेश चतुर्वेदी, उदयवीर दोहरे,प्रदीप तिवारी, सुशील राजपूत, राजेश तिवारी, बृजेश शर्मा,सहित संचालन समिति के सभी अपेक्षित प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

## मुलायम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

**इटावा।** प्रह्लाद स्मारक इंटर कालेज चौपुला मूँज में समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव व जिला सहकारी बैंक इटावा के सभापति आदित्य यादव द्वारा धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की आदमकद प्रतिमा का अनावरण विद्यालय प्रांगण में भव्य समारोह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव सपा विधायक ने अपने उदबोधन में कहा कि नेताजी के कार्यो की गिनती करना मुश्किल है उनकी सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताये गए रास्तो का अनुकरण व समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना है,मौजूदा सरकार में महगाई ,बेरोजगारी,भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है।नेताजी ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के अधिकांश विद्यालयो को धनराशि दी,कन्या विद्या धन जैसी योजनाए चलाई।विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे अंकुर यादव ने कहा कि नेता जी की विचारधारा से ही



दवे कुचले,शोषित,पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज का कल्याण सम्भव बताया और नेता जी की विचारधारा को अपनाने पर बल दिया।पूर्व मंत्री रामसेवक यादव ने नेता जी के साथ बिताये लम्हो को याद किया तथा उनके साथ स्मरणीय पलो का जिक्र किया।उन्होंने प्रतिमा स्थापित करने पर विद्यायल के प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव व प्रवन्ध समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार को बधाई दी। प्राचार्य के.के.डी.सी. डॉ.महेंद्र सिंह ने बताया कि नेता जी की ही विचारधारा से समाज का उत्थान सम्भव होगा।इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य,जिला पंचायत सदस्य पंकज यादव, सत्यवान यादव, एव जनपद से आये हुए प्रधानाचार्य संजय शर्मा, गुफरान अहमद,डॉ शिव कुमार,डॉ.उमेश यादव,सचिन यादव,शिवशंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद,बृजेश यादव,डॉ.अमिता यादव,सुनीला यादव, डॉ निशा वर्मा,वंदना मिश्रा ,प्रमोद यादव,सर्वेश चतुवेदी आदि सभी का विद्यालय प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव ने स्वागत किया तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील यादव बॉबी ने सभी का आभार तथा धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,विद्यालय के शिक्षक ओम कुमार भोले,चंद्रशेखर,रविकांत,राहुल कुमार,शिवप्रताप, प्रद्युमन,विनोद कुमार,प्रदीप कुमार,धर्मेंद्र,अखिलेश, शिशिका अनीता, प्रियंका आदि उपस्थित रही।

### टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस ने 50,000 की बिक्री का रिकार्ड तोड़ा

**वाराणसी ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज एलान किया कि उसके लोकप्रिय मॉडल इनोवा हाईक्रॉस की कुल बिक्री नवंबर 2022 में पेश किये जाने के बाद से 50,000 गाड़ियों से अधिक हो गई है।नवीनतम टोयोटा ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित विविधतापूर्ण इनोवा हाईक्रॉस अपने ग्लैमर कोटेंट, उन्नत टेक्नालॉजी, सुरक्षा के साथ आराम और ड्राइव करने के रोमांच के कारण हर अवसर के लिए एक वाहन है। अपने सेगमेंट में कई चीजें पहली बार देने के दावों में पैडल शिफ्ट, पावर्ड ओटोमन और दूसरी पंक्ति की सीटें, फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें, एयर कंडीशनर (डुअल जोन - फ्रंट और रियर जोन), रियर रिट्रैक्टेबल सनशेड, इलेक्ट्रोक्रोमिक इनर रियर व्यू मिरर (ईसी आईआरवीएम), पावर बैक डोर सहित प्रथम सुविधाओं का दावा और डुअल फंक्शन डेटाइम रनिंग लाइट (डीआरएल) शामिल है।

NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

**औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0**

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —



# निवेश का महाकुंभ

**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।**

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शित करने के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

## ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।










## पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रोसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

## पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

## जीबीसी-4.0 एक नजर में

**10 लाख 15 हजार 583 करोड़ रुपये की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार**

**500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ**

**निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू**

**आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 14% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी**

**10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी**

**राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार**

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई**

**कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास**

## बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL